हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–102 : जौनपुर, शनिवार 17 दिसम्बर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## मुख्यमंत्री योगी नें कहा राहुल गांधी का बयान अमर्यादित देश और सेना का अपमान करने वाला

लखनऊ ब्यूरो : यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चीन द्वारा किए गए अतिक्रमण पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा दिए बयान की निंदा की है और इसे अमर्यादित करार दिया है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि राहुल गांधी का बयान अमर्यादित, बचकाना, देश विरोधी तत्वों को प्रेरित करने वाला और देश की बहादुर सेना का अपमान करने वाला है। हम उनके इस बयान की निंदा करते हैं। उन्होंने कहा कि जब पूरा देश और दुनिया ये कह रही है कि हमारी बहादुर सेना ने चीन को करारा जवाब दिया है तो इस तरह बयान देना शर्मनाक है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यह पहली बार नहीं है। डोकलाम में भी जब चीन ने घुसपैठ की कोशिश की थी तो उस समय भी कांग्रेस और राहुल गांधी सेना के पराक्रम और शौर्य की तारीफ करने की जगह चीनी दूतावास के साथ मिलकर भारत विरोधी कृत्यों को प्रश्रय दे रहे थे। उनका बयान अत्यंत निंदनीय है। वो देश की सेना के पराक्रम पर उंगली उठाते हैं। हम राहुल गांधी की इस सोच की निंदा




करते हैं और ये मांग करते हैं कि वो देश की जनता और बहादुर जवानों से माफी मांगें। उन्हें देश को बार–बार कठघरे में खड़ा करने की आदत से बचना चाहिए।

## यजदान अपार्टमेंट ढहाते समय हादसा : मलबे में दबे आधा दर्जन दोपहिया वाहन

लखनऊ ब्यूरो : राजधानी लखनऊ के हजरतगंज स्थित यजदान अपार्टमेंट गिराते समय हादसा हो गया। बिल्डिंग का एक हिस्सा नीचे गिर जाने से करीब आधा दर्जन दोपहिया वाहन मलबे में दब गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि मजदूर भी मलबे के नीचे दब गए हैं। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। बताया जा रहा है कि हादसे के कारण एलडीए और



ठेकेदार मौके से भाग गए।

## नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन–2022 के निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के सम्बन्ध में निर्देश जारी –अपर जिलाधिकारी

जौनपुर सू.वि. : अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) राम अक्षबर चौहान ने अवगत कराया है कि राज्य निर्वाचन आयोग, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र द्वारा नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन–2022 के निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के सम्बन्ध में निर्देश जारी किया गया है। आयोग के पत्र द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में निर्वाचन व्यय के अनुश्रवण हेतु गठित समिति द्वारा निर्वाचन में प्रत्याशियों द्वारा किये जाने वाले व्यय के पर्यवेक्षण एवं निगरानी हेतु उड़न दस्ते (Flying Squad) का गठन आवश्यकतानुसार किया जाएगा। गठित समिति द्वारा उपर्युक्त सभी घटनाओं पर पैनी नजर रखी जायगी। प्रत्येक उड़न दस्ते में एक कार्यकारी मजिस्ट्रेट और एक पुलिस अधिकारी जो उपनिरीक्षक से न्यून स्तर का न हो, सम्मिलित होंगे। उड़न दस्ते को उक्त कार्य हेतु वीडियो कैमरा वीडियोग्राफर के साथ उपलब्ध कराया जाएगा तथा चेकिंग के समय सम्पूर्ण कार्यवाही की प्रारम्भ से अन्त तक वीडियो रिकार्डिंग की जाएगी और उक्त रिकार्डिंग की सीडी तैयार कराकर उसकी एक प्रति सम्बन्धित व्यक्ति को एवं एक प्रति जिला स्तरीय समिति को अनिवार्य रूप से उपलब्ध करायी जाएगी। उड़न दस्ते (Designated Flying Squad) के अतिरिक्त अन्य अधिकारी नकदी की बरामदगी के सम्बन्ध मे किसी कार्यवाही के लिए अधिकृत नहीं होंगे। प्रतीक आवंटन के दिनांक से ही नामित उड़न दस्ते (Designated Flying Squad) वाहनां और व्यक्तियों की चेंकंग तथा मतदाताओं को प्रभावित करने हेतु उनके बीच रूपया, शराब या अन्य किसी वस्तु का वितरण करना, रिश्वत देना आदि के सम्बन्ध में जब्ती की कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। जिन जनपदों में मतदान समाप्त हो जाएगा, वहाँ पर मतदान की समाप्ति के तुरन्त पश्चात् चेकिंग की कार्यवाही बन्द कर दी जाएगी। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) आवश्यकतानुसार अथवा निकायवार एक या अधिक समर्पित उड़न दस्ते गठित करेंगे, जो अवैध नकदी का आदान प्रदान, या शराब का वितरण या अन्य कोई संदेहास्पद वस्तुएं, जो मतदाताओं को घूस देने के लिए प्रयोग में लाई जा रही हों, उसका पता लगाएंगे। उड़न दस्ते में टीम का प्रमुख एक वरिष्ठ कार्यकारी मजिस्ट्रेट होगा, पुलिस स्टेशन का एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, एक वीडियोग्राफर और 3–4 सशस्त्र पुलिस कार्मिक होंगे। उनको नकदी या सामान इत्यादि की जब्ती के लिए, पुरी तरह समर्पित एक वाहन, मोबाइल फोन, एक वीडियो कैमरा और अपेक्षित पंचनामा दस्तावेज दिए जाएंगे। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) आवश्यकतानुसार अथवा निकायवार एक या अधिक निगरानी टीम गठित करेंगे। प्रत्येक टीम में एक मजिस्ट्रेट और तीन या चार पुलिस कार्मिक होंगे। यह टीम चौक पोस्ट बनाएगी और अपने क्षेत्र में भारी मात्रा में लाए जाने वाली नकदी, अवैध शराब, कोई संदेहास्पद वस्तु या शस्त्रों इत्यादि की आवाजाही पर निगरानी रखेगी। जॉच की समस्त प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की जाएगी। स्थैतिक निगरानी दलां के लोकेशन समय–समय पर बदले जाएंगे जिससे कि अचरज का पुट बनाए रखा जा सके। यदि किसी व्यक्ति के कब्जे में रू0 2.00 लाख से अधिक नकदी पायी जाती है, उसका कोई भी अभिलेख नहीं प्रस्तुत किया जाता है और संदेह का पर्याप्त आधार है कि इसका प्रयोग मतदाताओं को रिश्वत देने में किया जा सकता है तो उक्त धनराशि को जब्त कर लिया जाएगा और संबंधित प्रावधानों के अधीन कार्यवाही की जाएगी। उक्त कार्यवाही की सूचना आयकर विभाग को भी दी जायगी। नामित उड़न दस्ते (Designated Flying Squad) द्वारा प्रतिदिन की गयी कार्यवाही का विवरण जिला स्तरीय कमेटी के सदस्य सचिव, मुख्य विकास अधिकारी को उपलब्ध कराया जाएगा तथा जिला स्तरीय कमेटी द्वारा परीक्षण करने के उपरान्त आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। निर्वाचन की अधिसूचना के उपरान्त जिला स्तर पर व्यय सीमा सम्बन्धी शिकायतें प्राप्त करने हेतु नियंत्रण कक्ष खोला जाएगा जिसमें एक वरिष्ठ अधिकारी प्रभारी के रूप में तैनात होगा और उसके सहायतार्थ दो या तीन अधिकारी/कर्मचारी तैनात किये जाएंगे। नियंत्रण कक्ष में दूरभाष की सुविधा उपलब्ध होगी जिसके नम्बर की सूचना दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से राजनैतिक दलो/उम्मीदवारों एवं आम जनता को दी जाएगी। निर्वाचन व्यय से सम्बन्धित जो भी शिकायतें प्राप्त होंगी, उस पर जिला स्तरीय समिति द्वारा अविलम्ब कार्यवाही की जाएगी। प्रतीक आवंटन के उपरान्त रिटर्निंग अधिकारी सभी प्रत्याशियों की बैठक करके व्यय सम्बन्धी नियमों एवं निर्देशों से उन्हे अवगत कराएंगे।

## विश्व हिन्दू महासंघ ने 'पठान' फिल्म प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगाने की उठाई मांग : किया प्रदर्शन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय गोण्डा। विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य भिखारी प्रजापति के आह्वान पर महासंघ के पदाधिकारियों– कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते हुए 'पठान' फिल्म के प्रदर्शन पर संपूर्ण प्रदेश में रोक लगाने की मांग की है। शनिवार को प्रदर्शनकारियों ने फिल्म के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट मजिस्ट्रेट को सौंपा। मांग पत्र में आरोप लगाया गया है कि शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण द्वारा अभिनीत फिल्म 'पठान' में हिंदू समाज के सांस्कृतिक मूल्यों व प्रतीक केसरिया रंग की खिल्ली उड़ानें के साथ नारी अस्मिता के साथ खिलवाड़ किया गया है। ऐसी फिल्में समाज की समरसता के लिए घातक हैं। फिल्म निर्माताओं को देश के सांस्कृतिक सामाजिक व धार्मिक मूल्यों पर जागरूक होकर फिल्में बनानी चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि विश्व हिंदू महासंघ देवी–देवताओं व सांस्कृ



तिक मूल्यों का मजाक उड़ाने वाली ऐसी फिल्मों का प्रदर्शन बर्दाश्त नहीं करेगा। मांग पत्र देने वालों में देवीपाटन मंडल प्रभारी अजय कुमार शुक्ल, जिला उपाध्यक्ष– अखिलेश मिश्रा संत, हर्ष सोनकर, कृष्ण मुरारी, महिला मातृ प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष अध्यक्ष – अर्चना उपाध्याय, सुनीता त्रिपाठी, संतोष गुप्ता, राघवेंद्र तिवारी, प्रेम प्रकाश, अंकित, कृष्ण कुमार, खुशबू, शन्नो देवी, श्रेया सिंह, फूलमती, उमा देवी, किरण व कमलादेवी शामिल रही।

## पाकिस्तान के विदेश मंत्री द्वारा पीएम मोदी के विरुद्ध अमर्यादित टिप्पणी के विरुद्ध भाजपाईयों का प्रदर्शन

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल जरदारी भुट्टो ने न्यूयॉर्क में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बदतमीजी की सभी हदें पार करते हुए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अमर्यादित टिप्पणी की है। इसके विरोध में भारतीय जनता पार्टी हरदोई ने सिनेमा चौराहे पर बिलावल भुट्टो एवं पाकिस्तान के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए बिलावल भुट्टो का पुतला फूंका संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत को घेरने में असफल रहे बिलावल भुट्टो ने निंदनीय टिप्पणी की जिसमें यहां तक कहा कि 'गुजरात का कसाई अभी जिंदा है' इसकी जितनी भर्त्सना जाए उतना कम है। यह भारत का अपमान है। पाकिस्तानी नेताओं का दिवालियापन खिसियानी बिल्ली खंबा नोचे वाला है। बिलावल ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर भी अमर्यादित टिप्पणी की जबकि पाकिस्तान कई दशकों से आतंकवाद एवं आतंकवादी संगठनों को लगातार शरण देता रहा एवं प्रोत्साहित करने का काम कर रहा है। पाकिस्तान की आंतरिक सुरक्षा एवं वित्तीय हालत बद से बदतर होती जा रही है एवं भयंकर अंतरकलह एवं सिरफुटव्वल की स्थिति है। पाकिस्तान के नेता पूरी दुनिया में कटोरा लेकर भीख मांग रहे है। 135 करोड़ देशवासियों को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर गर्व है जो निरंतर भारत को समृद्धि संपन्न एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व के पटल पर रखने का कार्य कर रहे। विश्व भर के अनेकों राष्ट्राध्यक्ष एवं अंतर्राष्ट्रीय संगठन मोदी की नीतियां योजनाएं एवं सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास एवं सबका प्रयास के मूल मंत्र का भूरि भूरि प्रशंसा कर रहे हैं। भारत विश्व की सबसे तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है तथा आर्थिक प्रबंधन संकटों के बावजूद सर्वश्रेष्ठ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत एवं अभिनंदन अमेरिका आस्ट्रेलिया यूके कनाडा फ्रांस यूएई बांग्लादेश नेपाल इत्यादि देशों में अद्भुत रूप से






देखने को मिला है। बिलावल भुट्टो पाकिस्तान के विदेश मंत्री का इस प्रकार से निंदनीय बदतमीजी आपत्तिजनक बौखलाहट भरे बयान के कारण सभी देशवासी रोष में है एवं कड़े शब्दों में प्रतिकार एवं भर्त्सना करते हैं। उक्त पुतला दहन कार्यक्रम जिला महामंत्री अजीत सिंह बब्बन के नेतृत्व में किया गया। प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा जिला उपाध्यक्ष राजेश अग्निहोत्री संदीप सिंह प्रीतेश दीक्षित विनोद, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक नवनीत गुप्ता,युवा भाजपा नेता अनुराग श्रीवास्तव,संजय अग्निहोत्री, जिला महामंत्री अनुराग मिश्र जिला मंत्री अविनाश पांडे अजय शुक्ला जिला मीडिया प्रभारी गांगेश पाठक कार्यालय मंत्री अतुल सिंह आईटी प्रमुख सौरभ सिंह गौर सोशल मीडिया प्रमुख प्रद्युम्न मिश्रा सुभाष पांडे राजाबक्श सिंह पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष उमेश अग्रवाल पारुल दीक्षित मोर्चा जिला अध्यक्षगण अनिल राजपूत अलका गुप्ता विश्वराज सिंह सरताज खान सुशील अवस्थी नीरज तिवारी नगर अध्यक्ष अजीत उपाध्याय सहित नगर पदाधिकारी गण मुकुल सिंह आशा सत्यम शुक्ला अभिषेक सिंह हर्षित मिश्रा तथा सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विराट गीता महोत्सव का आयोजन आज : मालवीय नगर रामलीला मैदान में आयोजन की सभी तैयारियां पूरी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय गोण्डा। गीता गोष्ठी का 22वां विराट गीता महोत्सव 18 दिसम्बर रविवार को प्रातः दस बजे से मालवीय नगर स्थित रामलीला मैदान में आयोजित हो रहा है। समारोह के आयोजक इंजीनियर सुरेश दूबे ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि गीता महोत्सव का शुभारंभ प्रातः दस बजे गीता प्रसार शोभायात्रा से होगा। शोभायात्रा रामलीला मैदान से निकलकर चौक बाजार से उतरौला रोड होकर दुखहरणनाथ मंदिर से गुरु नानक चौराहा एवं सागर तालाब होते हुए आयोजन स्थल पर सम्पन्न सम्पन्न होगी। मध्यान्ह 12 बजे से गीता के महात्म्य पर प्रवचन सत्र शुरू होकर सायं छह बजे तक चलेगा। महोत्सव में हरिद्वार शिवधाम से योगी रघुवंश पुरी महाराज, वाराणसी के अध्यात्म विज्ञान के अधिकारी विद्वान राजर्षि गांगेय हंस, महादेवी हंस एवं अयोध्या के योगाचार्य डा. चैतन्य प्रमुख वक्ता होंगे। समारोह में आकाशवाणी व दूरदर्शन की लब्ध प्रतिष्ठ गायिका किरन पाण्डेय व प्रतीति पाण्डेय सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगी। आयोजन समिति के वरिष्ठ सहयोगी जनार्दन सिंह व धीरेन्द्र पाण्डेय ने जनपद के अध्यात्म प्रेमी श्रद्धालुओं व बुद्धिजीवियों से महोत्सव में शामिल होने का आह्वान किया है।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## लिंग आधारित भेदभाव मौलिक मानवाधिकारों का उल्लंघन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत ब्लाक बदलापुर की महिलाओं ने शनिवार को ब्लॉक मुख्यालय से मुरादपुर कोटिला गांव तक लिंग आधारित भेदभाव को जड़ से समाप्त करने के लिए रैली निकाली। रैली को ब्लॉक मिशन प्रबंधक अनिल कुमार मौर्या तथा जीतेन्द्र यादव ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। रैली में चल रही समूह की महिलाओं ने हम भारत की नारी हैं – फूल नहीं चिंगारी हैं , नारी शक्ति है ठाना – अत्याचार को दूर भगाना जैसा नारा लगाते चल रही थीं। रैली मुरादपुर कोटिला गांव में एक संगोष्ठी के रूप में तब्दील हुई। संगोष्ठी को संबोधित करती हुईं संकुल स्तरीय संघ की अध्यक्ष प्रिया गुप्ता ने कहा कि लिंग आधारित भेदभाव और हिंसा मौलिक मानवाधिकारों का उल्लंघन है! सम्मान के साथ जीवन जीने से वंचित करता है। उन्होंने कहा कि हिंसा किसी भी समय कहीं भी हो सकती है और यह किसी भी व्यक्ति के विकास और जीवन की गुणवत्ता को सीमित करती है। लिंग आधारित भेदभाव या हिंसा को अनुभव करने वाले सभी लोगों का साथ देने, आवाज उठाने ,उनका समर्थन करने और एकजुट उनके साथ रहने की आवश्यकता है! महिलाओं ने इस बात की शपथ भी लिया की लिंग आधारित हिंसा या उत्पीड़न को कभी भी नहीं सहूंगी ना अनदेखी करूंगी और ना चुप रहूंगी। इस मौके पर प्रिया गुप्ता ,सुषमा निषाद, रीना, संगीता, बैंक सखी मंजू ,मधुबाला, आरती, सुनीता सिंह ,डिंपी, शशिबाला ,खुशबू आदि लोग मौजूद थीं।

## गैंगरेप का आरोपी राजघाट पुलिस की मुठभेड़ में गिरफ्तार

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : राजघाट पुलिस की शनिवार की भोर में गैंगरेप के आरोप में फरार चल रहे बदमाश से मुठभेड़ हो गई। खुद को घिरता देख बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस के जवाबी कार्यवाई में बदमाश राज



निषाद के बाए पैर में घुटने के पास गोली लग गई। पुलिस ने घायल बदमाश को हिरासत में लेकर अस्पताल में भर्ती कराया, जंहा उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस व एक खोखा कारतूस बरामद किया है। जानकारी के अनुसार राजघाट इंस्पेक्टर राजेन्द्र सिंह अपने हमराहियों के साथ भोर में अमरू तानी बगीचे की तरफ गस्त कर रहे थे। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि गैंगरेप में फरार चल रहा बदमाश भाग रहा है। पुलिस ने उसका पीछा कर घेराबंदी कर ली। खुद को घिरता देख बदमाश राज निषाद ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्यवई करते हुए गोली चलाई। पुलिस की गोली बदमाश के बाएं पैर के घुटने पर लगी और वह गिर पड़ा। जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया और अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना पर एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई भी अस्पताल पहुचे और जानकारी ली। इंस्पेक्टर राजघाट राजेन्द्र सिंह के अनुसार घायल बदमाश राज निषाद राजघाट के चकरा अव्वल का रहने वाला है। उस पर गैंगरेप, पास्को, रेप, हत्या के 7 केस दर्ज है। वह राजघाट थाने में दर्ज गैंगरेप के मुकदमे में और खोराबार थाने में दर्ज हत्या के मुकदमे में वांछित था। उसपर 10 हजार रुपये का इनाम भी था।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
योगी न बन सकें तो उपयोगी अवश्य बनें।
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# भारत का जी–20 एजेंडा समावेशी

भारत सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है। हमारे प्रतिभाशाली युवाओं की रचनात्मक प्रतिभा का पोषण करते हुए, हमारा नागरिक–केंद्रित शासन मॉडल एकदम हाशिये पर खड़े लोगों का भी ख्याल रखता है।

जी–20 की पिछली 17 अध्यक्षताओं के दौरान वृहद आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने, अंतरराष्ट्रीय कराधान को तर्कसंगत बनाने और विभिन्न देशों के सिर से कर्ज के बोझ को कम करने समेत कई महत्वपूर्ण परिणाम सामने आए। हम इन उपलब्धियों से लाभान्वित होंगे तथा यहां से और आगे की ओर बढ़ेंगे। अब, जबकि भारत ने इस महत्वपूर्ण पद को ग्रहण किया है, मैं अपने आपसे यह पूछता हूं–क्या जी–20 अभी भी और आगे बढ़ सकता है? क्या हम समग्र मानवता के कल्याण के लिए मानसिकता में मूलभूत बदलाव लाने की पहल कर सकते हैं? मेरा विश्वास है कि हां, हम ऐसा कर सकते हैं।

हमारी परिस्थितियां ही हमारी मानसिकता को आकार देती हैं। पूरे इतिहास के दौरान मानवता का जो स्वरूप होना चाहिए था, उसमें एक प्रकार की कमी दिखी। हम सीमित संसाधनों के लिए लड़े, क्योंकि हमारा अस्तित्व दूसरों को उन संसाधनों से वंचित कर देने पर निर्भर था। विभिन्न विचारों, विचारधाराओं और पहचानों के बीच, टकराव और प्रतिस्पर्धा को ही जैसे आदर्श मान बैठे। दुर्भाग्य से, हम आज भी उसी शून्य–योग की मानसिकता में अटके हुए हैं। हम इसे तब देखते हैं, जब विभिन्न देश, या क्षेत्र संसाधनों के लिए आपस में लड़ते हैं। हम इसे तब देखते हैं, जब आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति को हथियार बनाया जाता है। हम इसे तब देखते हैं, जब कुछ लोगों द्वारा टीकों की जमाखोरी की जाती है, भले अरबों लोग बीमारियों से असुरक्षित हों।

कुछ लोग यह तर्क दे सकते हैं कि टकराव और लालच मानवीय स्वभाव है। मैं इससे असहमत हूं। अगर मनुष्य स्वाभाविक रूप से स्वार्थी है, तो हम सभी में मूलभूत एकात्मता की हिमायत करने वाली इतनी सारी आध्यात्मिक परंपराओं के स्थायी आकर्षण को कैसे समझा जाए? भारत में प्रचलित ऐसी ही एक परंपरा है, जो सभी जीवित प्राणियों और यहां तक कि निर्जीव चीजों को भी एक समान ही पांच मूल तत्वों–पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश के पंचतत्व से बना हुआ मानती है। इन तत्वों का सामंजस्य–हमारे भीतर और हमारे बीच भी–हमारे भौतिक, सामाजिक और पर्यावरणीय कल्याण के लिए आवश्यक है।

भारत की जी–20 की अध्यक्षता दुनिया में एकता की इस सार्वभौमिक भावना को बढ़ावा देने की ओर काम करेगी। इसलिए हमारी थीम –'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' है। यह सिर्फ एक नारा नहीं है। यह मानवीय परिस्थितियों में उन हालिया बदलावों को ध्यान में रखता है, जिनकी सराहना करने में हम सामूहिक रूप से विफल रहे हैं। आज हमारे पास दुनिया के सभी लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त उत्पादन के साधन हैं। आज, हमें अपने अस्तित्व के लिए लड़ने की जरूरत नहीं है–हमारे युग को युद्ध का युग होने की जरूरत नहीं है। ऐसा बिल्कुल नहीं होना चाहिए! आज हम जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद और महामारी जैसी जिन बड़ी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, उनका समाधान लड़कर नहीं, मिलकर काम करके ही निकाला जा सकता है।

सौभाग्य से, आज की जो तकनीक है, वह हमें मानवता के व्यापक पैमाने पर समस्याओं का समाधान करने का साधन भी प्रदान करती है। आज हम जिस विशाल वर्चुअल दुनिया में रहते हैं, उससे हमें डिजिटल प्रौद्योगिकियों की व्यापकता का भी पता चलता है। भारत इस सकल विश्व का सूक्ष्म जगत है, जहां विश्व की आबादी का छठा हिस्सा रहता है और जहां भाषाओं, धर्मों, रीति–रिवाजों और विश्वासों की विशाल विविधता है। सामूहिक निर्णय लेने की सबसे पुरानी ज्ञात परंपराओं वाली सभ्यता होने के नाते भारत दुनिया में लोकतंत्र के मूलभूत डीएनए में योगदान देता है। लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत की राष्ट्रीय सहमति किसी आदेश से नहीं, बल्कि करोड़ों स्वतंत्र आवाजों को एक सुरीले स्वर में मिलाकर बनाई गई है।

आज, भारत सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है। हमारे प्रतिभाशाली युवाओं की रचनात्मक प्रतिभा का पोषण करते हुए, हमारा नागरिक–केंद्रित शासन मॉडल एकदम हाशिये पर खड़े लोगों का भी ख्याल रखता है। हमने राष्ट्रीय विकास को ऊपर से नीचे की ओर के शासन की कवायद नहीं, बल्कि एक नागरिक–नेतृत्व वाला 'जन आंदोलन' बनाने की कोशिश की है। हमने ऐसी डिजिटल जन उपयोगिताएं निर्मित करने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाया है, जो खुली, समावेशी और अंतर–संचालनीय हैं। इनके कारण सामाजिक सुरक्षा, वित्तीय समावेशन और इलेक्ट्रॉनिक भुगतान जैसे विविध क्षेत्रों में क्रांतिकारी प्रगति हुई है। इन सभी कारणों से भारत के अनुभव संभावित वैश्विक समाधानों के लिए अंतर्दृष्टि प्रदान कर सकते हैं।

जी–20 अध्यक्षता के दौरान, हम भारत के अनुभव, ज्ञान और प्रारूप को दूसरों के लिए, विशेष रूप से विकासशील देशों के लिए एक संभावित टेम्प्लेट के रूप में प्रस्तुत करेंगे। हमारी जी–20 प्राथमिकताओं को, न केवल हमारे जी–20 भागीदारों, बल्कि दुनिया के दक्षिणी हिस्से में हमारे साथ चलने वाले देशों, जिनकी बातें अक्सर अनसुनी कर दी जाती है, के परामर्श से निर्धारित किया जाएगा। हमारी प्राथमिकताएं हमारी 'एक पृथ्वी' को संरक्षित करने, हमारे 'एक परिवार' में सद्भाव पैदा करने और हमारे 'एक भविष्य' को आशान्वित करने पर

केंद्रित होंगी।

अपने प्लैनेट को पोषित करने के लिए, हम भारत की प्रकृति की देख–भाल करने की परंपरा के आधार पर स्थायी और पर्यावरण–अनुकूल जीवन शैली को प्रोत्साहित करेंगे। मानव परिवार के भीतर सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए, हम खाद्य, उर्वरक और चिकित्सा उत्पादों की वैश्विक आपूर्ति को गैर–राजनीतिक बनाने की कोशिश करेंगे, ताकि भू–राजनीतिक तनाव मानवीय संकट का कारण न बने। जैसा हमारे अपने परिवारों में होता है, जिनकी जरूरतें सबसे ज्यादा होती हैं, हमें उनकी चिंता सबसे पहले करनी चाहिए। हमारी आने वाली पीढ़ियों में उम्मीद जगाने के लिए, हम बड़े पैमाने पर विनाश के हथियारों से पैदा होने वाले जोखिमों को कम करने और वैश्विक सुरक्षा बढ़ाने पर सर्वाधिक शक्तिशाली देशों के बीच एक ईमानदार बातचीत को प्रोत्साहन प्रदान करेंगे। भारत का जी–20 एजेंडा समावेशी, महत्वाकांक्षी, कार्रवाई–उन्मुख और निर्णायक होगा।

आइए, हम भारत की जी–20 अध्यक्षता को संरक्षण, सद्भाव और उम्मीद की अध्यक्षता बनाने के लिए एकजुट हों। हम मानव–केंद्रित वैश्वीकरण के एक नए प्रतिमान को स्वरूप देने के लिए साथ मिलकर काम करें।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## सभी स्थाई व अस्थाई रैन बसेरों में बेसहारा निराश्रित व गरीबों के रुकने की हो समुचित व्यवस्था – नगर विकास मंत्री

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए0के0 शर्मा जी ने कड़ाके की ठंड एवं शीतलहर के प्रकोप से गरीबों, मजदूरों, वेघरों, वेसहारा एवं निराश्रितो को बचाने के लिए सभी निकायों को शीघ्र ही अपने क्षेत्र में रैन बसेरों में सम्पूर्ण व्यवस्था एवम् साफ सफाई के साथ संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ठंड में कोई भी व्यक्ति खुले आसमान, सड़कों, फुटपाथों मैं सोने को मजबूर न हो, इसके लिए शीघ्र ही रैन बसेरा के संचालन की उचित व्यवस्था कराई जाए। इसमें आमजन, स्वयंसेवी व धार्मिक संस्थाओ,व्यापार मंडलों के सदस्यों का भी सहयोग लिया जाए। उन्होंने कहा कि रैन बसेरों में गर्म कपड़ों, अलाव जलने के लिए लकड़ी, शौचालय,पीने का स्वच्छ पानी, बिजली, साफ–सफाई,की पर्याप्त व्यवस्था हो। चाय और भोजन की भी व्यवस्था कर सके तो बहुत उत्तम होगा। नगर विकास मंत्री श्री ए0के0 शर्मा जी आज जल निगम के फील्ड हॉस्टल 'संगम' में सभी निकायों में बेसहारा, गरीबों, वेघरो एवं निराश्रितो के लिए बनाए जा रहे व संचालित रैन बसेरों की व्यवस्था की आज शाम 7:30 बजे सभी नगर आयुक्तों व अधिशासी अधिकारियो के साथ वर्चुअल समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि लोगों की जानकारी के लिए सार्वजनिक स्थलों में बड़े शाइनेज लगाए जाएं और इसमें संचालक का नाम, मोबाइल नंबर भी दर्ज हो। उन्होंने शेल्टर होम के बारे में आमजन की जानकारी के लिए व्यापक प्रचार प्रसार कराने को भी कहा,जिससे अधिक से अधिक लोग इसका फायदा उठा सकें। उन्होंने कहा कि अस्पताल, मेडिकल कालेज, रेलवे व बस स्टेशन ऐसे स्थल है, जहां पर लोग मजबूरी में खुले में रहने को मजबूर हो जाते हैं, ऐसे स्थानों के आसपास रैन बसेरा जरूर बनाने को कहा। उन्होंने सभी रैन बसेरों में जिम्मेदार अधिकारियों की ड्यूटी लगाने के लिए कहा, जिससे आश्रय लिए लोगों को परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि रात्रि में रैन बसेरों में विश्राम करने वाले लोगों को पर्याप्त गर्म कपड़े, स्वच्छ पेयजल, अलाव जलाने एवं आवश्यक हो तो लोगो की मदद से भोजन की भी व्यवस्था उपलब्ध कराने की कोशिश करें। गरीबों की सेवा का बड़ा अवसर मिला है, इसे हाथ से जाने न दे। समाज का कमजोर व्यक्ति ही पीड़ित होता है पीड़ितों की दिल खोलकर मदद करें। उन्होंने



अधिक जरूरत पड़ने पर खाली सरकारी इमारतों एवं धर्मशालाओं में भी ठंड में लोगो के रुकने की व्यवस्था करने को कहा। ए0के0 शर्मा ने रैन बसेरों की समुचित व्यवस्था एवं निगरानी के लिए स्थानीय प्रशासन व पुलिस का भी सहयोग दलेने को कहा, जिससे कि असामाजिक तत्वों, नशेड़ी, गुंडे व बदमाशों का प्रवेश शेल्टर होम में न हो सके। उन्होंने सभी निकाय अधिकारियों को शीघ्र ही कंबल की व्यवस्था करके वितरण के भी निर्देश दिए। साथ ही सफाई कर्मचारियों को ठंड से बचाने के लिए ट्रैक सूट एवं आमजन के सहयोग से उन्हें गर्म कपड़े, मफलर, कंबल आदि दिलाने को भी कहा। समीक्षा के दौरान मंत्री जी ने मुरादाबाद, शाहजहांपुर, मेरठ, प्रयागराज, कानपुर, झांसी, गोरखपुर, गाजियाबाद, सीतापुर, मऊ आदि में बने रैन बसेरों में गर्म पानी के लिए गीजर,मनोरंजन के लिए टेलीविजन,स्वच्छ पानी के लिए वॉटर कूलर,किचेन,साफ सुथरा शौचालय, बेड, मच्छरों से बचने के लिए ऑल आउट, की भी व्यवस्था को भी वीडियो के माध्यम से देखा। उन्होंने मऊ के रैन बसेरा में ठहरे हरदोई से आए एक व्यक्ति से व्यवस्था के बारे में बात भी की।उसने बताया कि यहां पर व्यवस्था अच्छी है। खाना भी दिया गया है। सचिव नगर विकास श्री अनिल कुमार ने बताया कि रैन बसेरों की रेंडम और दूसरी डिटेल स्तर पर निरीक्षण के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है रेलवे स्टेशन बस स्टेशन एवं अस्पतालों के आसपास अस्थाई रैन बसेरा बनाए गए हैं कंबल चटाई रजाई तकिया गंदा की व्यवस्था रैन बसेरों में कराई गई है पीने के पानी शौचालय की पर्याप्त व्यवस्था है कहीं–कहीं पर बहुजन की भी व्यवस्था प्रबंध है। निदेशक नगरी निकाय नेहा शर्मा ने मंत्री को बताया कि शहरी बेघरों निराश्रित ओं के लिए सभी निकायों में रैन बसेरों की व्यवस्था कराई गई है पूरे प्रदेश में अभी तक 11,400 लोगो के रहने की क्षमता के 239 स्थाई और 5194 लोगो की क्षमता के 312 अस्थाई रैन बसेरा बनाए गए हैं। बैठक में अपर निदेशक डॉ0 असलम अंसारी, उपनिदेशक सुनील कुमार यादव उपस्थित थे एवम् सभी नगर आयुक्त एवं सभी अधिशासी अधिकारी वर्चुअली प्रतिभाग किया।

## अपने बुजुर्गो से प्राप्त ज्ञान से जीवन की परीक्षा में कर सकते हैं सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। मानव सेवा की शिक्षा ही सर्वश्रेष्ठ शिक्षा है जिसे व्यवहारिक रूप से समझने के लिए सार्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्थान द्वारा संचालित वयोश्रेष्ठ मन्दिरम् (वृद्धाश्रम) अल्लीपुर, हरदोई में आज सेन्ट जेवियर्स स्कूल के बच्चो को प्रधानाचार्य श्रीमती मौसमी चटर्जी कुमार के नेतृत्व मे देखा। श्रीमती चटर्जी ने कहा कि वृद्धाश्रम में सभी बाबा दादी पारिवार की तरह रह रहे है गंगाचरन, रमाकांत, निर्मल आदि बाबाओ से बात करके अपने बाबा के साथ बिताये खूबसूरत पलों की याद तरोताजा हो गयी। शिक्षक श्रीमती पुष्पा सिंह ने कहा रामकली ,चितकोरा, प्रीति आदि दादी लोगो का प्यारे अनुभवजन्य बातों ने कम समय में ही जीवन जीने का मार्ग प्रशस्त कर दिया है। शिक्षक ने मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि यहां आकर लगता है कि हम सबको भी जब भी समय मिले अपने बुजुर्गों के समय बीतना चाहिए क्योंकि वह अपने अनुभवी ज्ञान से आपको सराबोर कर जीवन का वो व्यवहारिक पाठ पढ़ा देगे जो सफलता के हर पायदान को आपके कदमों मे लाने मे समर्थ होगा । विद्यालय में शिक्षक पाठ्यक्रम आधारित ज्ञान दे पाता है जो किसी परीक्षा मे आपको श्रेष्ठ अंको से उत्तीर्ण करा सकता है लेकिन जीवन की परीक्षा मे



सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अपने बुजुर्गो से प्राप्त ज्ञान से अल्प प्रयास मे प्राप्त कर सकते हैं। वृद्धाश्रम प्रबन्धक शीला ने सभी को आश्रम मे मिलना वाली निःशुल्क भोजन, आवास,चिकित्सा आदि बुजुर्गो को मिलने वाली सुविधाओ के बारे मे सभी जानकारी दी। लेखाकार रूचि मिश्रा ने बुजुर्गो की दैनिक दिनचर्या के बारे विस्तृत जानकारी देते हुये मनोरंजन के नियमित प्रार्थना, भजन,संकीर्तन, खेल, टीवी आदि से सभी मस्त रहते है। 'सीता शर्मा ने समाज से आवहन और अपील की आप कुछ समय आकर जरूर गुजारे वयोश्रेष्ठ मन्दिरम् में आकर आपको वही शान्ति और सुकुन मिलेगा जो आपको मन्दिर जाने से मिलता है क्योंकि बुजुर्ग पृथ्वी पर जीवित देवता है जो उन बिताये पलो के बदले अनुभव का प्रसाद देते हैं। इस अवसर पर सेन्टजेवियर्स विद्यालय के शिक्षक दुर्गेश शुक्ला, प्रियंकर, चेतना पाल , बच्चे, वृद्धाश्रम मे 95 बुजुर्ग तथा समस्त कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे ।

## श्री जय नारायण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय के उद्यान में रोपित किया गया रूद्राक्ष वृक्ष

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। श्री जय नारायण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लखनऊ के भू–विज्ञान विभाग के छात्र/छात्राओं की टोली भूवैज्ञानिक भ्रमण पर देहरादून एवं ऋषिकेश गयी थी जहाँ पर परमार्थ निकेतन के स्वामी चिदानंद मुनि जी ने रूद्राक्ष का पौधा विभागाध्यक्ष श्री अंशुमालि शर्मा को महाविद्यालय हेतु भेंट किया। महाविद्यालय के उद्यान में हिन्दी विभाग में भक्ति काल के कवियों को पढ़ाने वाले दो प्रतिष्ठित सेवानिवृत्त शिक्षकों डॉ० सरल अवस्थी एवं डॉ० एस०एन० बाजपेई ने रूद्राक्ष के पौधे को वनस्पति विज्ञान एवं हिन्दी विभाग के शिक्षकों तथा प्राचार्या की उपस्थिति में रोपित किया गया। उक्त अवसर पर डॉ० सरल अवस्थी ने कहा कि शिव के प्रतीक रूद्राक्ष को रोपित करने से महाविद्यालय सत्य और सुन्दर की ओर अग्रसर होगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के भू–विज्ञान



विभाग व हिन्दी विभाग के शिक्षक तथा हिन्दी विभाग के प्रभारी प्रो० नलिन रंजन सिंह एवं महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो० मीता साह तथा उप प्राचार्य प्रो० विनोद चन्द्रा उपस्थित रहे।

## विश्व ब्राह्मण महासभा की बैठक में संगठन विस्तार पर की गई चर्चा

संवाददाता प्रवीण सिंह चंदेल कानपुर नगर : कानपुर कल्याणपुर स्थित एक क्षेत्रीय गेस्ट हाउस में विश्व ब्राह्मण महासभा की बैठक हुई। बैठक में समाज के विभिन्न बिदुओं पर चर्चा, जिले में महासभा को मजबूत करने और ब्राह्मणों के संस्कारों व हितों की रक्षा की प्रेरणा दी गई। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय सचिव धर्मेन्द्र शुक्ला द्वारा की गई। बैठक से पूर्व भगवान परशुराम जी के चित्र पर सभी पदाधिकारियों ने माल्यार्पण किया प्रदेश प्रभारी जगत पाण्डेय ने महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री और राष्ट्रीय महासचिव को माला पहना कर स्वागत किया । विश्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री आचार्य रामजस दिवेदी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि ध सर्वे भवन्तु सुखिनः।सर्वे सन्तु निरामयाः। सर्वे भद्राणि पश्यन्तु। मा कश्चित् दुःख भाग्भवेत्ध सभी सुखी होवें, सभी रोगमुक्त रहें, सभी का जीवन मंगलमय बनें और कोई भी दुःख का भागी न बने। ब्राह्मण समाज सदैव इसी भावना के साथ सर्व कल्याण के लिए कार्य करता रहता है बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सचिव पंडित धर्मेन्द्र शुक्ला ने कहा कि सनातन धर्म के पालन खानपान की शुद्धता यज्ञोपवीत व चरित्र के उत्थान पर सभी को ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने प्रयाग माघ मेला में ब्राह्मण समागम व 28, 29 जनवरी 2023 को संस्था द्वारा किए जाने वाले



कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी पंडित जगत पाण्डेय ने प्रदेश में ब्राह्मण कल्याण बोर्ड की स्थापना करने के लिए प्रदेश सरकार के आगे संगठन द्वारा प्रस्ताव रखने की बात कही। इसी क्रम महासभा के राष्ट्रीय महासचिव पंडित धर्मेन्द्र शुक्ला ने संगठन के गठन की रूपरेखा पर चर्चा करते हुए उसे जल्द से जल्द पूरा करने को कहा। बैठक में महासभा के सभी पदाधिकारियों को शाल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में राष्ट्रीय पदाधिकारियों द्वारा जिला व नगर के नवनियुक्त पदाधिकारियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। बैठक में मुख्य रूप से हेमंत दीक्षित, सुशील कुमार दुबे, प्रदीप त्रिवेदी, शैलेंद्र शुक्ला, राम किशोर त्रिवेदी, बृजेंद्र मिश्रा, आदेश मिश्रा, रवि शंकर, विजय कृष्ण शुक्ला, चंद्र मोहन दीक्षित, शोभितम, संजीव मिश्रा, करुणा कांत पांडे सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा द्वारा उठाई गई मांग : दोषी पुलिसकर्मियों पर हो कार्यवाही

संवाददाता प्रवीण सिंह चंदेल कानपुर नगर : राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा सीतापुर राजपूत समाज के निर्दोष युवक बलवन्त सिंह सेंगर की निर्मम हत्या करने वाले दोषी एस०ओ०जी० की टीम एवं शिवली थाने व चौकी के पुलिस कर्मी तथा हत्या को छिपाने का प्रयास करने वाले दोषियो को बचाने वाली कानपुर देहात एस०पी० के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करते हुये मृतक की पत्नी को तत्काल सरकारी नौकरी, दो मासूम बच्चो काव्या उम्र 3 वर्ष व यश 1 वर्ष को 5–5 लाख रूपये व वृद्ध माता पिता को 7–7 लाख रूपये का मुआवजा दिलाये जाने के सम्बन्ध में। राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा सीतापुर आपसे विनम्र आग्रह करती है कि :–यह कि राजपूत परिवार के इकलौते पुत्र बलवन्त सिंह सेंगर को झूठे आरोप में कानपुर देहात की पुलिस ने बर्बरता पूर्वक गम्भीर मारपीट की, जिसके कारण बलवन्त सिंह की थाने में मृत्यु हो गयी, हत्या को छिपाने के उद्देश्य से पुलिस ने मृत शरीर को कानपुर देहात आकस्मिक चिकित्सालय में उपचार कराये जाने का नाटक करते हुये शव को गायव करने का प्रयास किया, किसी प्रकार से मृतक परिवार को शव की खबर मिल गयी और उन्होने पुलिस से उक्त शव को छीन लिया। तमाम मीडिया कर्मियो के आ जाने के कारण पुलिस शव को लेकर भाग न सकी और पूरी घटना प्रकाश में आ सकी। मृतक के शरीर पर गम्भीर चोटो के निशान थे तथा पूरा शरीर नीला पड़ा हुआ था। सक्त एस० ओ०जी० टीम व शिवली थाने की पुलिस को बचाने का प्रयास कानपुर देहात की एस०पी० द्वारा किया गया। अत उक्त घटना को कारित करने वाले साक्ष्य को मिटाने का प्रयास करने वाले उच्च अधिकारी द्वारा घटना पर पर्दा डालने का प्रयास करने वाली एस०पी० कानपुर देहात को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर



दिया जाये। यह कि मृतक बलवन्त सिंह सेंगर अपने परिवार का एक मात्र पुत्र था तथा अपनी पत्नी व पुत्री काव्या उम्र 3 वर्ष व पुत्र यश उम्र 1 वर्ष के साथ साथ अपने वृद्ध माता पिता का भरण पोषण करता था। इसी कारण मृतक की पत्नी को किसी भी विभाग में सरकारी नौकरी तत्काल उपलब्ध करवायी जाये। 3– यह कि मृतक बलवन्त सिंह के बच्चो यश व काव्या के नाम 10 लाख की एफ०डी० करा दी जाये तथा मृतक के वृद्ध माता पिता को नगद 15 लाख रुपये सांत्वना स्वरूप प्रदान किये जाये। 4– यह कि सम्बन्धित एफ0आई0आर0 मु0अ0सं0 30/2022 अन्तर्गत धारा 147,302,504,506 आई०पी०सी० के अलावा सक्ष्य मिटाने व आपराधिक षडयंत्र में शामिल होने की धारा 120बी, 201 आई०पी०सी० की बढोत्तरी की जावे।। निम्न मांगों की पूर्ति एक माह की अवधि में पूर्ण न होने की दशा में सभी राजपूत संगठन एवं क्षत्रिय समाज आंदोलन करने के लिये बाध्य होगे। जिसकी समस्त जिम्मेदारी आप उ0प्र0 सरकार की होगी। माननीय श्रीमान मुख्यमंत्री महोदय जी आपसे उम्मीद ही नही अपितु पूरा विश्वास है कि समाज के पीड़ित व्यक्ति के परिवार के साथ न्याय होगा। मांग पत्र सौंपते समय श्रीमान अतिरिक्त मजिस्ट्रेट महोदय सीतापुर को मांगपत्र पढ़कर सुनाया एवं माननीय मुख्यमंत्री महोदय उ0प्र0 को प्रेषित करने का अनुरोध किया। जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदवरिया, जिला प्रभारी रिपुदमन सिंह, जिलाध्यक्षा कुसुम सिंह चौहान, युवा जिलाध्यक्ष दिव्यांश सिंह तोमर, जिलाउपाध्यक्ष शीतला बक्स सिंह चौहान, जिलाउपाध्यक्ष योगेश कुमार सिंह गौर, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, राहुल सिंह, मुकेश सिंह, लक्ष्मण सिंह, संजय सिंह, कमल सिंह, आदि लोग मौजूद रहें।

## रामा विश्वविद्यालय द्वारा किया गया लखनऊ के गणमान्य प्रधानाचार्यों और शिक्षकों को सम्मानित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। रामा विश्वविद्यालय ने लखनऊ में द्वितीय उत्कृष्ठ शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में लखनऊ के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालय, विश्वविद्यालय और कोचिंग सेंटर से सैकड़ों की संख्या में गणमान्य प्रधानाचार्यो और शिक्षकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ निदेशक डा० प्रतीक सिंह . निदेशक डा0 प्रणव सिंह जी एवं निदेशक एडमिशन एवं मार्केटिंग संजय कुमार ने दीप प्रज्जवलित करके किया। दीप प्रज्जवलन के पश्चात डा० प्रणव सिंह ने रामा विश्वविद्यालय की लोक कल्याण और उदेश्यों के विषय में शिक्षकों को अवगत कराया एवं राष्ट निर्माण में रामा समूह की नीतियों पर प्रकाश डाला। निदेशक एडमिशन एवं मार्केटिंग श्री संजय कुमार जी ने विश्वविद्यालय की प्रजेन्टेशन और वीडियों के साथ विश्वविद्यालय के सभी कोर्स व सुविधाओं के बारे में सभी को अवगत कराया तत्पश्चात सभी शिक्षकों ने सभागार में अपने अपने सवाल पूछे एवं साथ में



शैक्षिक सृजन हेतु नये मापदण्डो पर प्रकाश डाला। सर्वविदित है कि रामा समूह शिक्षा और समाज सेवा में सदैव अग्रणी रहा है। समारोह में आये हुए सभी गणमान्य प्रधानाचार्यों और शिक्षकों को रामा विश्वविद्यालय की ओर से प्रतीक चिन्ह व भेंट स्वरूप किट देकर सम्मानित किया। रामा विश्वविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में नये आयाम स्थापित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता के पथ पर अग्रसर है। लगभग दो घन्टे के आयोयन के बाद सभी आगन्तुकों ने रात्रि के भोजन के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

## थाना बदलापुर पुलिस ने एच.एस. योगेश यादव की हत्या करने वाले वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, श्री शैलेन्द्र सिंह के निर्देशन एंव क्षेत्राधिकारी बदलापुर श्री शुभम तोदी के कुशल पर्यवेक्षण में एच.एस. योगेश यादव को दिनांक 12.12.22 को गोली मारकर हत्या करने वाले वांछित अभियुक्त 1. नरेन्द्र दूबे उर्फ काजू पुत्र सुनील दूबे नि0 ग्राम पट्टीदयाल थाना बदलापुर जनपद जौनपुर को मुखबीर की सूचना पर पुरामुकुंद हाईवे मोड़ से दिनांक 16.12.22 को प्र0नि0 मय हमराही कर्मचारीगणों के गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। हत्या मे शामिल अन्य दो अभियुक्त 1. पुष्पेन्द्र दुबे उर्फ बन्टी (ग्राम प्रधान पट्टी दयाल थाना बदलापुर जौनपुर) दिनांक 15.12.22 जिला न्यायालय जनपद चन्दौली व 2. उदित शर्मा पुत्र अवधेश शर्मा सुनील दुबे नि0गण पट्टी दयाल थाना बदलापुर दिनांक 16.12.22 को जिला न्यायालय जौनपुर मे आत्म समर्पण कर दिए है। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण– 1. नरेन्द्र दूबे उर्फ काजू पुत्र सुनील दूबे नि0 ग्राम पट्टीदयाल थाना बदलापुर जनपद जौनपुर गिरफ्तारी



करने वाली टीम – 1–प्रभारी निरीक्षक बदलापुर श्री संतोष कुमार पाण्डेय। 2–हे0का0 अमित सिंह थाना बदलापुर जौनपुर। 3–का0 आशुतोष तिवारी थाना बदलापुर जौनपुर।

## पीएचडी शोध के लिए आवेदन की तिथि 5 जनवरी तक बढ़ी : अभ्यर्थी शोध केंद्र पर ही जमा करें आवेदन पत्र

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर एवं संबद्ध महाविद्यालयों में पीएच.डी. शोध 2022 के अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र जमा करने की तिथि 15 दिसंबर से बढ़ाकर 5 जनवरी 2023 तक कर दी गई है। अभ्यर्थी समस्त निर्धारित प्रपत्रों की छाया प्रति के साथ संस्थानों से संबंधित विभागों में व्यक्तिगत रूप से या रजिस्टर्ड डाक से आवेदन पत्र शोध केंद्र पर ही जमा करेंगे। शोध प्रवेश परीक्षा के निदेशक प्रोफेसर रमेश मणि त्रिपाठी कहा कि विश्वविद्यालय परिसर एवं संबंधित महाविद्यालयों द्वारा 6 जनवरी से 20 जनवरी 2023 तक अपने स्तर पर साक्षात्कार की प्रक्रिया डीआरसी द्वारा संपन्न करा दी जाए। इसके बाद विभागाध्यक्ष/ प्राचार्य अपने माध्यम से (अंशकालीन/ पूर्णकालिक पीएच.डी. ) समस्त प्रपत्र सहित शोध प्रस्ताव विश्वविद्यालय में 21जनवरी से 27 जनवरी 2023 तक कुलसचिव कार्यालय को प्रेषित करेंगे। संस्थानों में विभागवार गठित डीआरसी अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लेकर अपनी संस्तुति विश्वविद्यालय में संबंधित विषय की आरडीसी (शोध उपाधि समिति) को अग्रसारित करेगी। इसके साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा 28 जनवरी से 7 फरवरी 2023 तक आरडीसी की प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। डा. मनीष कुमार गुप्ता ने बताया कि शोधार्थियों को प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय द्वारा शोध पत्र निर्गत किया जाएगा। समस्त संकाय अध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, प्राचार्य, शोध निर्देशक केवल विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित रोस्टर के अनुसार अभ्यर्थी का चयन करेंगे। सहायक कुलसचिव शैक्षणिक श्रीमती बबिता सिंह ने कहा कि वाह्य विशेषज्ञों की सूची विश्वविद्यालय द्वारा तैयार करके वेबसाइट पर अपलोड कर दी जाएगी। जिन शिक्षकों की सेवा एक वर्ष से कम है या वह सत्र लाभ पर चल रहे हैं वह प्रवेश नहीं ले सकेंगे। इसके साथ ही आरक्षण के नियमों का विश्वविद्यालय के रोस्टर के अनुसार कड़ाई से पालन भी करना होगा।

## न्यायाधिकारी ने सरपतहां थानेदार को लगाई फटकार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : ग्राम न्यायालय के न्यायाधिकारी ने मारपीट के मामले में अभियुक्त को गैर जमानती वारंट जारी होने के बाद भी गिरफ्तार नहीं किए जाने के लिए सरपतहां थानाध्यक्ष को फटकार लगाई है। न्यायालय ने पूछा है कि कोई अपराधी अगर थाने की सीमा से बाहर चला जाए तो क्या पुलिस उसे गिरफ्तार नहीं करेगी? अदालत ने 20 दिसंबर तक अपने जवाब के साथ थानाध्यक्ष को उपस्थित रहने का आदेश दिया है । जानकारी के मुताबिक मारपीट के एक मुकदमे में अभियुक्त शेखपुर गांव निवासी प्रेम प्रकाश पुत्र कृष्ण कुमार के खिलाफ शाहगंज ग्राम न्यायालय ने गैर जमानती वारंट जारी किया था। इस पर थानाध्यक्ष ने ग्राम न्यायालय को दी गई आख्या में बताया कि अभियुक्त घर पर मौजूद नही हुआ। वहीं वादी पक्ष के अधिवक्ता का कहना है कि अभियुक्त घर पर ही मौजूद है। इस पर अदालत ने कहा कि ऐसा लग रहा कि थानाध्यक्ष अपने कर्तव्यों के प्रति सजग नहीं हैं और जिम्मेदारी से बचना चाहते हैं। अदालत ने सरपतहां थानाध्यक्ष संजय सिंह को नोटिस जारी करते हुए पूछा कि अगर हत्या के मामले का कोई अभियुक्त भागकर दिल्ली या थानाक्षेत्र की सीमा से बाहर चला गया हो तो क्या उसे गिरफ्तार नहीं किया जाएगा? न्यायाधिकारी दिनेश कुमार दिवाकर ने कड़े शब्दों में कहा कि थानाध्यक्ष ने न्यायालय को गुमराह किया है। अपनी जिम्मेदारियों का पालन नहीं किया। न्यायाधिकारी ने पूछा कि इसके चलते थानाध्यक्ष पर कार्रवाई क्यों न की जाए?

## शिकायत मिलते ही नहरों की शुरू हुई फिर से सफाई

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नहरों की सिल्ट सफाई में भारी गोलमाल की शिकायत उच्चाधिकारियों से होते ही विभाग एक बार फिर से संबंधित नहरों की सफाई में जुट गया है। शनिवार को सरायमोहिउद्दीनपुर माइनर की सफाई अवर अभियंता संदीप मौर्य ने स्वयं की देखरेख में जेसीबी लगवाकर कराया। बरसात के बाद गेहूं की बोवाई के पूर्व सिंचाई विभाग द्वारा नहरों की सफाई का टेंडर निकाला जाता है। ज्यादातर ठेकेदार बिलो रेट पर टेंडर लेकर काम तो ले लेते हैं किंतु उसकी गुणवत्ता को ध्यान नहीं देते। इस वर्ष भी तमाम नहरों की सफाई के नाम पर सिर्फ खेल खेला गया। जिससे किसानों में भारी आक्रोश फैल गया। समाचार–पत्र के माध्यम से जब यह खबर जिलाधिकारी तक पहुंची तो सम्बंधित अधिकारी को फटकार लगी। शनिवार को जेई संदीप मौर्य की देखरेख में सरायमोहिउद्दीनपुर माइनर की सफाई नए सिरे से शुरू की गई। इस संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि सफाई ठीक से न होने की शिकायत पर फिर से सफाई का कार्य कराया जा रहा है।

## बाल मेला व भिन्न भिन्न प्रतियोगिताओं में बच्चों ने किया प्रतिभाग

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : धर्मापुर स्थित गौरव शिक्षा संस्थान में शनिवार को बाल मेला और विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बाल मेला में जहां बच्चों ने विभिन्न पकवानों के स्टाल लगाये थे। वहीं विज्ञान प्रदर्शनी, रंगोली, पोस्टर व मेंहदी प्रतियोगिताओं में बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों को अवार्ड देकर व मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री जफराबाद विधायक जगदीश नारायण राय व विशिष्ट अतिथि पूर्व सीएमओ डा. रामअवध यादव ने विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया। विज्ञान प्रदर्शनी जूनियर वर्ग में हिमांशु मौर्या प्रथम,निष्ठा पाल द्वितीय व करिश्मा यादव तृतीय। सीनियर वर्ग में प्रियांशु राज प्रथम, कीर्ति यादवद्वितीय व अरबिया सिद्दीकी तृतीय। पोस्टर प्रतियोगिता में रिया यादव प्रथम, अश्वनी राजद्वितीय व सलोनी निषाद तृतीय। रंगोली प्रतियोगिता में खुशी यादव प्रथम, सोनाली यादव द्वितीय व आंचल तृतीय। मेंहदी प्रतियोगिता में पूजा यादव प्रथम,अंजली गौतम द्वितीय व सोनाली यादव में तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में राजदेव यादव, शिवसहाय यादव, जियाराम, छोटेलाल यादव, रामाधार यादव, वीरेंद्र यादव रहे। प्रबंधक लालजी यादव व डायरेक्टर गौरव यादव ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रधानाचार्य राजाराम यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर प्रधान जयहिंद यादव, फौजी अनिल यादव, अवधेश, शिवधनी, अरविंद साहू, महेंद्र प्रताप यादव, मुमताज अहमद, नवीन प्रकाश, संजय यादव, उषा शर्मा, अनीता, रंगबहादुर आदि मौजूद रहे।

### पाक विदेश मंत्री की अमर्यादित टिप्पणी विकृत मानसिकता का द्योतक – डॉ धर्मेंद्र सिंह

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो द्वारा न्यूयार्क में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर की गई अमर्यादित टिप्पणी से भाजपा कार्यकर्ता मर्माहत और गुस्से में हैं।इसके विरोध में शनिवार को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर पाक के विदेश मंत्री का पुतला फूंकेगे। इस बाबत अपने बयान में भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष/एमएलसी डॉ धर्मेंद्र सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ टिप्पणी की भर्त्सना करते हुए कहा कि यह विलावल भुट्टो की विकृत मानसिकता का द्योतक है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के हर नागरिक के लिए गौरव के प्रतीक हैं। आज दुनिया में उनकी धमक है। प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी ने भारत की धाक दुनिया में जमाई है। ऐसे ख्याति प्राप्त प्रधानमंत्री पर अमर्यादित टिप्पणी असहनीय है। इसके खिलाफ गोरखपुर क्षेत्र के सभी 10 प्रशासनिक जिलों में मुख्यालय पर प्रदर्शन करने और पाक विदेश मंत्री का पुतला फूकने का निर्णय लिया गया है।क्षेत्रीय अध्यक्ष के अनुसार जिला मुख्यालय पर यह प्रदर्शन दोपहर 12 बजे से होगा।



## युवा महोत्सव में प्रतिभाग के लिए पीयू की टीम का चयन 3 जनवरी को

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले अंतर विश्वविद्यालय युवा महोत्सव में प्रतिभाग के लिए पूर्वांचल विश्वविद्यालय की टीम का चयन 3 जनवरी को होगा। इसके लिए आर्यभट्ट सभागार में अंतर महाविद्यालयीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। विश्वविद्यालय, जौनपुर में 12–13 जनवरी, 2023 को अंतर विश्वविद्यालय युवा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस युवा महोत्सव में उत्तर प्रदेश के विभिन्न राज्य विश्वविद्यालय के साथ–साथ पूर्वांचल विश्वविद्यालय की टीम विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करेगी। विश्वविद्यालय स्तर की टीम बनाने के लिए अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर अजय द्विवेदी ने विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य को पत्र भेजकर अपनी –अपनी टीमें विश्वविद्यालय में भेजने के लिए कहा है। इन टीमों की 03 जनवरी, 2023 को परिसर स्थित रज्जू भैया संस्थान के आर्यभट्ट सभागार में विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए चयन प्रक्रिया सम्पन्न की जाएगी। इस प्रक्रिया के बाद अंतिम रूप से चयनित सभी प्रतिभागी छात्र / छात्राएं पूर्वांचल विश्वविद्यालय टीम का हिस्सा होते हुए 12,13 जनवरी, 2023 को युवा महोत्सव में प्रतिभाग करेंगें।

## चुप्पी तोड़ो खुलकर बोलो –प्रो. रमेश चंद्र सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गांधी स्मारक पीजी कॉलेज समोधपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में शनिवार,17 दिसंबर 2022 को लैंगिक असमानता एवं महिला सशक्तिकरण विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी आयोजित हुई।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो.रमेश चंद्र सिंह ने




समाज में महिलाओं के साथ विभिन्न प्रकार से हो रहे भेदभाव और उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाने के लिए एकजुट होने की जरूरत। उन्होंने छात्रओं से 'चुप्पी तोड़ो, खुल कर बोलो' के माध्यम से महिला उत्पीड़न के खिलाफ समाज में खुलकर आगे आने का आह्वान किया।मुख्य वक्ता के तौर पर बोलते हुए प्रो.अरविंद सिंह ने भारतीय संविधान में उल्लिखित विभिन्न संवैधानिक विशिष्ट प्रावधानों पर विस्तार से प्रकाश डाला। विशिष्ट वक्ता के रूप में अपने वक्तव्य में प्रो.राकेश कुमार यादव ने वैदिक काल से लेकर वर्तमान काल तक भारतीय समाज में महिलाओं की स्थिति पर अपने विचार प्रकट किए। उन्होंने लिंग के आधार पर समाज में हो रहे भेदभाव के बारे में बताया।एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ आलोक प्रताप सिंह ' विसेन' ने महिला सशक्तिकरण पर बल दिया। स्वागत भाषण एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ इंद्र बहादुर सिंह ने किया। संचालन डॉ लालमणि प्रजापति तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ विष्णु कांत त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर डॉ. नीलमणि सिंह, डॉ.नीलम सिंह, डॉ. जितेंद्र सिंह,डॉ विकास कुमार यादव,कार्यालय अधीक्षक बिंद प्रताप सिंह, अखिलेश सिंह सहित छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

## जनसेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं –कुलपति

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर के निर्माणाधीन इंडोर स्टेडियम में कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने शनिवार को जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित किया। उन्होंने करीब 150 लोगों को ठंड में उपहार स्वरूप कंबल दिए। ठंड में कंबल पाते ही लाभार्थियों के चेहरे पर मुस्कान आ गई। सभी ने दुआओं से कुलपति को



अभिसिंचित किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि ठण्ड क्या होती है ये कोई उनसे पूछे जो सर्द रातों में खुले आसमान के नीचे किसी तरह अपने बदन को सिकोड़कर रात गुजारने को मजबूर होते हैं। ऐसी स्थिति में यदि ऐसे मजलूम लोगों को कोई भी गर्म कपड़े मिल जाए तो उनके मुंह से दुआओं की बारिश होना लाजिमी है। उन्होंने कहा कि जनसेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं होता। कड़ाके की ठंड में जहां हम उन्हें गर्म कपड़े देकर ठंड से राहत दिलाने का प्रयास करते हैं वहीं इन लाभार्थियों के आशीर्वाद और दुआओं की गर्मी से हम भी सुरक्षित रहते हैं। पूर्वांचल विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष डा. विजय सिंह ने कहा कि कुलपति और इनके परिवार के लोगों का संस्कार ही सेवा और गरीबों की मदद करना है। शायद इसी के कारण जबसे आप विश्वविद्यालय में आई हैं विश्वविद्यालय हर क्षेत्र में विकास कर रहा है। सहायक कुलसचिव श्रीमती बबिता सिंह ने कहा कि कुलपति के कार्यकाल में कोई भी गरीब और छोटे तबके के लोगों की समस्याओं का तुरंत समाधान होता है। उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा भगवान की सेवा होती है। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक सिंह और आभार धर्मेंद्र सिंह ने किया। इस अवसर पर शिक्षक संघ के महामंत्री डा. राहुल सिंह, डा. सुनील कुमार, डा. लक्ष्मी प्रसाद मौर्य, डा. श्याम कन्हैया सिंह, इंजीनियर एमके चतुर्वेदी, लोकेश चौरसिया, रघुनंदन यादव, पंकज सिंह आदि उपस्थित थे।

## नि:शुल्क औषधि वितरण एवं स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाया गया

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। गोयल आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के सौजन्य से इमली बंधन तिवारीगंज लखनऊ में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया इस अवसर पर स्वास्थ्य परीक्षण टीम द्वारा रोगियों को निशुल्क औषधि वितरण एवं समाज में स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाया गया इस मौके पर गोयल आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के निदेशक डॉक्टर आलोक मिश्रा स्वास्थ्य टीम में पंचकर्म विशेषज्ञ डॉ गौरव सिन्हा,डॉ अजय रावत,डॉ अतीत गुप्ता, स्टाफ नर्स श्रीमती प्रियंका राय कुमारी लवी सिंह धीरज श्रीवास्तव अमन उपस्थित थे प्रिंसिपल डॉ अविनाश श्रीवास्तव एवं चेयरमैन इंजीनियर महेश गोयल ने स्वास्थ्य शिविर के सफल आयोजन हेतु चिकित्सा कर्मियों को बधाई दी।

## 34 वीं वाहिनीं पीएसी अति उत्तम वाहिनी घोषित होने पर सीएम योगी ने सेनानायक डा. राजीव नारायण मिश्र को किया पुरस्कृत

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) पीएसी 34 वी वाहिनी वाराणसी मीडिया सेल के मुताबिक शनिवार को पीएसी संस्थापना दिवस के अवसर पर पीएसी मुख्यालय, लखनऊ में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि केध रुप में आये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डॉ राजीव नारायण मिश्र आईपीएस सेनानायक 34वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी को प्रदेश की 33 पीएसी वाहिनीओं के मध्य हुई प्रतिस्पर्धा में अति उत्तम वाहिनी चयनित होने पर, 'ट्रॉफी' देकर पुरस्कृत किया। मालूम हो कि सेनानायक डॉ मिश्र के नेतृत्व में 34वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी में वाहिनी के सर्वांगीण विकास एवं जवानों के कल्याण के सतत एवं सराहनीय प्रयास हुए हैं।संस्थापना दिवस के इस समारोह के अवसर पर प्रमुख सचिव,मुख्यमंत्री व गृह सचिव संजय प्रसाद,पुलिस महानिदेशक डी.




एस. चौहान,अपर पुलिस महानिदेशक,पीएसी डॉ. के.एस. प्रताप कुमार एवं कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## दलालो की भेंट चढ़ी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना : लाभार्थियों से 15–15 हजार योजना का लाभ दिलवाने के नाम पर ठगे

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) विकासखंड मया में हाल में ही आयोजित हुए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है। यूं कहें कि उत्तर प्रदेश सरकार अति महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना इस विकास खण्ड में दलालो की भेंट चढ़ गई।दलालो ने लाभार्थियों से 15 हजार रुपए में बिना शादी में शामिल हुए ही सरकारी सहायता दिलाने का ठेका ले लिया। साथ ही लाभार्थियों से नकद पैसा लेने के बाद मामले का खुलासा हुआ तो योजना के लाभ से ही वंचित करने की खबर सुना दिया। बता दे कि ताजा मामला मया विकास खण्ड के रामपुर मया का है। जहां मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में लाभ प्राप्त करने की इछुक 4 लाभार्थियों से कथित जनसेवा संचालक ने फॉर्म ऑनलाइन करने व बिना विवाह में शामिल हुए ही 15 रुपए लेकर लाभ दिलाने का झांसा देकर ठगी कर लिया। योजना की लाभार्थी चांदनी,रुचि,दुर्गा से कथित दलाल दुर्गेश कुमार पुत्र राम लाल व सुनिल गौड पुत्र सत्ती गौड ने 5–5 हजार नकद लेकर योजना का लाभ दिलवाने का झांसा दिया था। कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद उसने खुद उन्हें फोन पर सारा सामान और पैसा मिलने के बात भी बताया और समान उनके घर तक पहुंचा। लेकिन फर्जीवाड़े का मामला सामने आते ही उनके घरों से सील पैक सामान आनन फानन में उठवा लिया गया और यह कहा गया कि मामले की शिकायत हो गयी है इसलिए अब इस का लाभ आपको नही मिल सकता।जिसके बाद अब लाभार्थियों का परिवार ब्लाक से लेकर संबंधित अधिकारियों तक कि गणेश परिक्रमा कर रहा है।जब इस संबंध में एडीओ पंचायत विवेक सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा कि ऐसा कुछ नही है। जो लोग शामिल नही हुए है वह जनवरी में शामिल हो सकते है। लेकिन इस ठगी के मामले पर वह कन्नी काटते नजर आए और यह कहते हुए फोन काट दिया की आप परेसान न हो हम देखेंगे। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना उत्तर प्रदेश सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है जिसमें सरकार की तरफ से गरीब परिवार की बेटियों की शादी कराने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। जिसके तहत उनके खाते में 35000 रुपए की आर्थिक मदद दी जाती है। पात्रता मानदंडों को पूरा करते हुए सामूहिक विवाह करने वाले प्रत्येक जोड़े की शादी पर प्रदेश सरकार द्वारा 51000 खर्च किए जाते हैं। जिसमें 35000 कन्या के बैंक खाते में हस्तांतरित किए जाते हैं और 10000 की विवाह संस्कार सामग्री वर–वधू को विवाह के समय पर उपलब्ध करवाई जाती हैं। 6000 विवाह के आयोजन पर खर्च किए जाते हैं। पहले इस योजना के तहत प्रत्येक जोड़े के विवाह पर कुल मिलाकर 35000 रुपए खर्च किए जाते थे जिसमें 20000 बेटी के खाते में हस्तांतरित किए जाते थे।विवाह को जिला मजिस्ट्रेट द्वारा प्राधिकृत किया जाता है। यानी इस योजना के तहत होने वाले विवाह पूरी तरह कानूनी भी होते हैं।

## द ड्रोन फ्लीट ऑफ स्टार्टअप्स इन इंडिया पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, लखनऊ ने जीजीआई के अध्यक्ष महेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में अपने संस्थान की इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी)–जीआईटीएम की 4 स्टार रेटिंग (उत्तरी क्षेत्र में शीर्ष 4 में और पूरे भारत में शीर्ष 59 में) की उपलब्धि का जश्न मनाया। 2021–22 में एमएचआरडी के इनोवेशन सेल द्वारा 16 दिसंबर, 2022 को कंप्यूटर सोसाइटी ऑफ इंडिया (सीएसआई), लखनऊ चैप्टर के सहयोग से ''द ड्रोन फ्लीट ऑफ स्टार्टअप्स इन इंडिया'' पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। छात्रों को श्री मिलिंद राज– 'ड्रोन मैन ऑफ इंडिया' द्वारा मानव रहित हवाई वाहनों के बारे में अपने ज्ञान को अपग्रेड करने का मौका मिला, जो भारतीय रक्षा के लिए प्रौद्योगिकी डेवलपर (एमओडी) रोबोज लैब्स के सीईओ हैं। उन्हें भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ ए.पी.जे अब्दुल कलाम के साथ काम करने का अनुभव है। प्रशिक्षण सत्र का फोकस छात्रों को ड्रोन निर्माण और उड़ान पर व्यावहारिक अनुभव देना था, अवधारणा की शुरुआत से लेकर आर्टिफिशियल



इंटेलिजेंस के साथ ड्रोन बनाने तक। सत्र छात्रों को नए विचारों को विकसित करने और उन्हें व्यावसायिक प्रस्तावों और उपक्रमों में बदलने में मदद करेगा। डॉ. ऋषि अस्थाना, निदेशक– GITM ने IIC–GITM द्वारा की गई उपलब्धि के बारे में प्रसन्नता व्यक्त की और ड्रोन क्षेत्र में इतना बड़ा आयोजन करने के लिए CSI लखनऊ चैप्टर के सत्येंद्र कुमार गुप्ता, डॉ. श्याम कुमार गर्ग और श्री विनय कुमार जौहरी की सराहना की।

## तहसील समाधान दिवस में 37 शिकायतों में केवल 2 हुई निस्तारित

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–हरदोई : शनिवार को उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के क्रम में तहसील सवायजपुर परिसर में एसडीएम राकेश सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान तहसीलदार अरुणिमा श्रीवास्तव की मौजूदगी में एस डीएम ने जन शिकायतों को सुना। उपजिलाधिकारी राकेश सिंह व तहसीलदार अरुणिमा श्रीवास्तव ने आये हुये फरियादियों की शिकायतों को एक–एक करके सुना और उनका निराकरण किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 37 शिकायतें मिली जिनमें से 2 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष सभी शिकायतों का जल्द निस्तारण करने के निर्देश संबंधित को दिए, कहा कि समस्याओं तथा शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण निर्धारित समय सीमा में कराया जाये। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाये।एसडीएम राकेश सिंह ने कहा कि सरकारी जमीनों पर कब्जा करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। समाधान दिवस में उन्होंने कहा कि सरकारी जमीनों पर





कब्जा जमाये लोगों को चिन्हित कर उन पर कठोर कार्यवाही कर जमीन कब्जा मुक्त कराई जाएगी। इस अवसर पर राजस्व,पुलिस व अन्य संबंधित विभागों के कर्मी मौजूद रहे।

# क्षेत्र के विकास हेतु जो योगदान संभव होगा उसके लिए सदैव तत्पर रहूंगा – धर्मदत्त पाठक

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) शिक्षा क्षेत्र रुदौली के एल.एस.डी.पी पब्लिक स्कूल गौरियामऊ मे एक माह तक हुए विभिन्न खेलों के आयोजन के उपरांत एनुअल स्पोर्ट्स मीट का रंगारंग समापन विद्यालय संस्थापक समाजसेवी धर्मदत्त पाठक के जन्मदिवस के दिन गुरुवार को विद्यालय परिसर मे आयोजित हुआ। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।विद्यालय प्रबंधन द्वारा ठण्ड से निजात दिलाने के लिए क्षेत्र वासियों को कंबल वितरित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रौजागांव चीनी मिल के जीएम केन इकबाल सिंह, संस्थापक धर्मदत्त पाठक द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया गया, जिसके उपरांत प्रधानाचार्य व उप प्रधानाचार्य द्वारा आए हुए अतिथियों को मोमेंटो देकर व साल ओढ़ाकर उनका स्वागत किया गया। स्वागत भाषण के दौरान विद्यालय प्रधानाचार्य आदित्य प्रकाश पाठक ने बताया कि आज प्रथम चरण मे विद्यालय संस्थापक जी के जन्मदिवस पर विगत वर्षो की भांति एक हजाए कंबल का वितरण किया जा रहा है,आगे भी शीत लहरी बढ़ने पर और कंबलो का वितरण किया जायेगा।बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओ मे प्रतिभावान बनाने के लिए आदरणीय संस्थापक जी के जन्मदिवस पर प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन किया गया था, जिसमे प्रथम पुरुस्कार के रूप मे रेंजर साईकिल, द्वितीय पुरुस्कार के रूप सिंपल साईकिल व तृतीय पुरुष्कार के रूप मे घड़ी दिया गया। यह प्रतियोगिता कक्षा 6 से 12 तक के बच्चों के लिए आयोजित की गई। प्रथम पुरुस्कार ऋषभ यादव, अनुराग दूबे, ग्रन्थ अग्रवाल, उसवह फातिमा, सिद्धांतशंकर पाण्डेय, याजदा फातिमा, प्रज्जवल तिवारी ने व द्वितीय पुरुस्कार समर्थ गुप्ता, आदिया इल्मा,दिशा मिश्रा,अंशुमान सिंह,शिवम प्रजापति, शुभांजलि सिंह, हर्षित तिवारी व तृतीय पुरुस्कार आयुष मिश्रा,दीपांशु यादव,श्रव्या रस्तोगी, मो आतिफ, रंजीत वर्मा, अवेंद्रा यादव, हर्षवर्धन सिंह ने प्राप्त किया। सभी को विद्यालय संस्थापक व उपस्थित अतिथियो द्वारा सम्मानित किया गया।विद्यालय के स्पोर्ट्स इंचार्ज जैनेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि विद्यालय द्वारा 20 प्रकार के खेलों का आयोजन कक्षावार किया गया,जिसमे अव्वल रहे सभी प्रतिभागियो को भी पुरुकृत किया गया।विद्यालय संस्थापक धर्मदत्त पाठक ने बताया कि अभी तक कुल 101 जोड़ो का विवाह कराया है, प्रत्येक वर्ष अपने क्षेत्रवासियों के लिए कंबल वितरण का कार्य भी तहसील की मदद से किया जाता है,क्षेत्र के विकास के लिए जो भी योगदान संभव होगा, उसके लिए सदैव तत्पर रहूंगा। कार्यक्रम के अंत मे विद्यालय मे बाल भोज का आयोजन भी किया गया। इस दौरान उपजिलाधिकारी स्वप्निल यादव, सीजीएम केन इकबाल सिंह,प्रबंधक अनिल पाठक,अजीत राय, संजय अग्रवाल, मो मेराज, एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी, मो असिम,उप प्रधानाचार्य आर बी सिंह सहित स्टॉफ उपस्थित रहा।

# भाजपा सरकार की नीतियां गन्ना किसानों के लिए घातक – रामसिंह पटेल

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) राष्ट्रीय लोकदल अवध क्षेत्र के अध्यक्ष चौधरी रामसिंह पटेल ने मौजूदा सरकार द्वारा किसानों के विरुद्ध किए जा रहे षड्यंत्र को प्रदेश के गन्ना किसानों के लिए घातक बताया और कहा कि सरकार की नीतियां और कार्य किसान विरुद्ध है प्रदेश सरकार द्वारा अभी तक गन्ना मूल्य न घोषित किया जाना और चीनी मिलों द्वारा किसानों को गन्ना मूल्य का भुगतान नियमित न करना किसान एवं खेती को कमजोर करने की साजिश का हिस्सा है श्री पटेल ने कहा कि रबी सीजन बुवाई के समय किसानों का हाथ पैसे से खाली है किसानों की नगदी फसल गन्ना सरकार की गलत नीतियों एवं गन्ना बिभाग के अधिकारी और चीनी मिलों के मिली भगत के कारण वह भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहा है गन्ना सर्वे के समय जो गन्ना प्लाट का सर्वे पेड़ी मशीन में दर्ज था वह प्लाट गन्ना डप्लपमेंट को अधिक दिखाने के लिए पौधे में दर्ज कर दिया गया है ज्ञात हो कि गन्ना खेती को बढ़ावा देने के नाम पर सरकार लाखों रुपए हर वर्ष खर्च करती है और विभागीय कर्मचारी अधिकारी उस पैसे को मिलीभगत कर खा जाते हैं झूठे आंकड़े पेश करने के चलते ऐसे सैंकड़ों गन्ना किसानों का सर्वे गन्ना कैलेंडर में पौधा दर्ज कर दिया गया जिसको दुरुस्त कराने के लिए किसान अधिकारियों के चक्कर लगा रहे हैं ऐसे किसान जो गन्ना बेच कर गेहूं आदि की बुआई की आस लगाए बैठे थे उन्हें निराश होना पड़ा है इस वर्ष के एम शुगर मिल मसौधा एक पखवाड़े विलम्ब से चलने और बीच में तकनीकी खराबी के कारण अभी तक गन्ना की सप्लाई बहुत कम हो पाई है जिससे गेहूं की बुआई कम होना निश्चित है सरकारी क्रय केंद्रों पर किसान धान नहीं तोला पा रहे हैं डीएपी, एनपीके ,पोटाश खाद नहीं मिल पा रही है सरकार की सभी नीतियां कारपोरेट घरानों के हितों को ध्यान में रखकर बनाई जा रही है यही कारण है कि गरीबी और बेरोजगारी बढ़ती जा रही है महंगाई आसमान छू रहीघ् है खाद, दवा, बीज के दाम दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं लागत के अनुरूप किसानों के फसल का दाम नहीं मिल पा रहा है 20 दिसंबर तक गन्ना लाभकारी मूल्य प्रदेश सरकार द्वारा घोषित नहीं किया गया तो गन्ना बिभाग कार्यालय पर गन्ना की होली जलाने के लिए राष्ट्रीय लोकदल कार्यकर्ता गन्ना किसान के साथ बाध्य होंगे।

# दोषी पुलिसकर्मियों पर होगी सख्त कार्यवाही – विधायक अभिजीत सांगा

संवाददाता प्रवीण सिंह चंदेल कानपुर नगर : कानपुर देहात के रनिया एवं शिवली थाने के पुलिसकर्मियों के हिरासत में लालपुर सरैया निवासी भाई बलवंत सिंह की हत्या की सूचना मिलने के उपरान्त आज



बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा जी तत्काल पीड़ित परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की एवं मृतक के दोनों बच्चों के नाम एक एक लाख की एफडी करवाकर आर्थिक सहायता दी बिठूर विधायक ने मामले की पूरी जांच करवा कर दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही का आश्वासन दिया.. और साथ ही उपरोक्त मामले के संबंध में परिजनों की मुलाकात माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी से करवाने का आश्वासन दिया।

# बगैर मोबाइल नंबर के नहीं निकाल पाएंगे डाकघर से रुपए : 31 मार्च मोबाइल नंबर अंकित कराने की अंतिम तिथि

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अगर आप का डाकघर में खाता है तो जल्द खाते में मोबाइल नंबर अंकित करा लें अन्यथा डाकघर के खाता से रुपए नहीं निकल पाएंगे । डाकघर प्रशासन ने सुरक्षा को लेकर 31 मार्च तक खाते में मोबाइल नंबर अंकित कराने की अंतिम तिथि निर्धारित की है । वर्ष 1980 के पहले ग्रामीण क्षेत्रों में बैंक नहीं हुआ करते थे जबकि डाकघर गांव गांव में थे इसके चलते डाकघरों में बचत खाता के बाद अन्य व्यवसाय का खाता भी खोला गया । डाकघर में वर्ष 2020 के पहले निवास प्रमाण पत्र या पहचान प्रमाण पत्र देना होता था तब बचत खाता या अन्य खाता खुल जाता था मोबाइल नंबर या ईमेल की जानकारी देना जरूरी नहीं होता था वर्ष 2020 से बाद खाता खोलने के लिए आधार कार्ड अनिवार्य कर दिया गया । डाकघर भी बैंकों की तर्ज पर खाता धारको को ई–बैंकिंग जैसी सुविधा उपलब्ध कराना शुरू कर दिया है इससे बचत खाता धारक एटीएम से किसी भी बैंक के एटीएम से रुपए निकाल सकते हैं । ई–बैंकिंग से दूसरे बैंकों में रुपए भेज सकते हैं साथ ही पेटीएम व क्यूआर कोड का भी प्रयोग कर सकते हैं । डाकघर प्रशासन ने खाताधारकों को एसएमएस से खाते से रुपए निकालने या जमा करने की सूचना देने की व्यवस्था भी किया है अगर कोई दूसरा व्यक्ति एटीएम को गलत प्रयोग कर खाते से रुपए निकालता है तो उसकी सूचना एसएमएस द्वारा खाताधारकों को मिल जाएगी । डाकघर ने सभी प्रकार के खाताधारकों को अपने खाते में मोबाइल नंबर 31 मार्च तक अंकित कराना अनिवार्य कर दिया है इसके बाद मोबाइल नंबर अंकित नहीं कराने वाले ग्राहकों के रुपए नहीं निकाल पाएंगे और खाते में रुपए भी जमा नहीं कर पाएंगे । मोबाइल नंबर अंकित कराने के बाद ई बैंकिंग की सुविधा भी उपलब्ध हो जाएगी । अयोध्या मण्डल के प्रवरअधीक्षक डाकघर पीके सिंह ने बताया कि डाकघर के खाताधारकों को खाता में मोबाइल नंबर अंकित कराने की अंतिम तिथि 31 मार्च है इसके लिए डाकघर में अतिरिक्त सुविधा उपलब्ध करा दिया गया है साथ ही डाकघर मोबाइल नंबर अंकित कराने के लिए विभिन्न माध्यमों से खाता धारकों तक सूचना भी उपलब्ध करा रहा है।

# गांव में नहीं होते पंचायत सचिव के दर्शन : बीडीओ से की गई शिकायत

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) हैरिंग्टनगंज ब्लाक के ग्राम घुरेहटा में तैनात ग्राम पंचायत विकास अधिकारी की कार्यप्रणाली को लेकर लोगों में गुस्सा है। गांव के क्षेत्र पंचायत सदस्य विकास सिंह ने हैरिंग्टनगंज के खंड विकास अधिकारी अनीश मणि पांडे को शिकायती पत्र देकर गांव के पंचायत सचिव के स्थानांतरण की मांग की है। ग्राम घुरेहटा निवासी शिकायतकर्ता बीडीसी सदस्य विकास सिंह ने बताया कि घुरेहटा गांव में पंचायत सचिव के रूप में तैनात कुलदीप कुमार की जब से ग्राम पंचायत घुरेहटा में नियुक्त हुई है। ग्राम वासियों को उनके दर्शन नहीं हुए हैं। यही नहीं बताया जा रहा है कि मनबढ़ पंचायत सचिव ग्रामीणों के मोबाइल फोन भी नहीं रिसीव करता है। ऐसे में गांव का विकास कार्य भी प्रभावित हो रहा है और लोगों के अन्य मिसलेनियस कार्य भी नहीं हो पा रहे हैं। हैरिंग्टनगंज बीडीओ अनीश मणि पांडे ने बताया कि मामले की जांच करवाकर आमजन की समस्याओं को नजरअंदाज करने वाले सेक्रेटरी के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

# कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा पहुंची अयोध्या

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) खबर यूपी के जनपद अयोध्या से है। कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा देश के विभिन्न राज्यों से भ्रमण करते हुए आज अयोध्या जनपद के विधानसभा बीकापुर से होते हुए ।लाखो की संख्या में पुरुष व महिलाओं समेत जलालपुर होते हुए भरतकुंड पहुंची। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में दर्जनों वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कांग्रेस पार्टी से रहे पूर्व सांसद निर्मल खत्री का फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत भी किया। कांग्रेश की भारत जोड़ो यात्रा भरतकुंड से होकर फतेहगंज अयोध्या के लिए रवाना हुई। भारत जोड़ो यात्रा शुरू होने से पहले कांग्रेसियों ने मंच के माध्यम से बतौर मुख्य अतिथि के रूप में आए प्रदेश अध्यक्ष और प्रांतीय अध्यक्ष का फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत भी किया मीडियाकर्मियों से मुखातिब होते हुए प्रांतीय अध्यक्ष ने कहा भारतीय जनता पार्टी एक हिंदूवादी पार्टी है। उन्होंने कहा जिस तरीके से हिमाचल प्रदेश के नतीजे सामने आए हैं ।उससे जाहिर होता है कि भारतीय जनता पार्टी का भागने का समय आ गया है। उन्होंने कहा 80 परसेंट चौनल बीजेपी के हैं। जो उन्हीं के इशारे पर मनगढ़ंत खबरें प्रकाशित करते हैं। उन्होंने बीजेपी पर तंज कसते हुए कहां कि ।भारतीय जनता पार्टी एक जुमला वादी पार्टी है। अध्यक्ष ने यह भी कहां हिमाचल प्रदेश में 97 पर्सेंट हिंदू हैं। फिर भी आधे से ज्यादा आबादी हिंदू होने के नाते वहां की जनता ने उनको खादेड़ने का काम किया है। उन्होंने कहा आने वाले समय में यह एक शुभ संकेत की तरफ इशारा कर रहा है। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में क्षेत्र वा समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया ।और जोश व उत्साह से गदगद दिखे। व्यवस्थापक अमरनाथ यादव उर्फ नागराज ने प्रांतीय अध्यक्ष का फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत भी किया।

# एसडीएम ने गौशालाओं का किया औचक निरीक्षण

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) ग्राम पंचायत के सचिव गौशालाओं में ठंड से निपटने की पूरी व्यवस्था कर लें जिससे गोबंशों को ठंड में कोई परेशानी न हो । उक्त निर्देश आज विकासखंड मसौधा की दौलतपुर एवम सिडहिर गौशाला के औचक निरीक्षण में उप जिलाधिकारी सोहावल मनोज कुमार श्रीवास्तव ने गौशाला से संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देश दिया। विकासखंड मसौधा के तहसील सोहावल क्षेत्र में स्थित उपरोक्त दोनों गौशालाओं के औचक निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी श्रीवास्तव ने बताया कि गोवंश के ठंड से बचाव के लिए पशु सेड के चारों तरफ त्रिपाल एवं गोवंश के ऊपर काऊ कोट एवं अलाव की व्यवस्था प्रत्येक गौशाला में अवश्य हो जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशालाओं में त्रिपाल की व्यवस्था तो देखी परंतु काऊ कोट एवम अलाव की व्यवस्था नहीं पाई। संयुक्त खंड विकास अधिकारी मसौधा बद्री प्रसाद वर्मा एवं उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा0 मनोज कुमार वर्मा के साथ निरीक्षण में पहुंचे उप जिलाधिकारी श्रीवास्तव ने गौशाला से संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देशित किया कि गौशालाओं में गोवंश को ठंड से बचाव हेतु सारे प्रबंध तत्काल कर लिए जाएं। भूसा, पानी, चुनी चोकर एवं हरे चारे की कमी न होने पाए। उप जिलाधिकारी श्री श्रीवास्तव ने गोवंश आश्रय स्थल पर पशुओं के डिस्पोजल की भी व्यवस्था का निरीक्षण किया। गोवंश आश्रय स्थल दौलतपुर में 159 एवम सिडहिर में 67 गोवंश पाए गए भूसा ,पानी एवं साफ सफाई तथा हरे चारे की व्यवस्था अच्छी पाई गई। निरीक्षण के दौरान गोवंश आश्रय स्थल पर सचिव गिरिजेश तिवारी, जितेंद्र कुमार वर्मा, सोनम गुप्ता एवं ग्राम प्रधान दौलतपुर मंसाराम निषाद तथा प्रधान सिडहिर मो0 नईम सहित सभी केयरटेकर उपस्थित रहे। निरीक्षण के पूर्व उप जिलाधिकारी श्री श्रीवास्तव ने तहसील सोहावल क्षेत्र के सभी गौशालाओं से संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों को बुलाकर बैठक भी किया।

# अवध विश्वविद्यालय में दो दिवसीय अर्न्तराष्ट्रीय संगोष्ठी में देश विदेश के गणितज्ञों का होगा जमावड़ा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के गणित एवं सांख्यिकी विभाग व इंटरनेशनल एकेडमी ऑफ फिजीकल सांइसेज प्रयागराज के संयुक्त तत्वाधान में ''रिसेन्ट एडवान्सेज इन मैथेमेटिकल एण्ड फिजीकल सांइसेज'' विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। 17 दिसम्बर को संगोष्ठी के उदघाटन सत्र की अध्यक्षता अविवि की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल करेंगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जाने माने गणितज्ञ मान्टपेलियर विश्वविद्यालय फांस के प्रो० एम० एन० बोयन होंगे। इस अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के संयोजक व गणित एवं सांख्यिकी विभागाध्यक्ष प्रो० एस०एस० मिश्र ने बताया कि दो दिवसीय अंतराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन विश्वविद्यालय में 17 व 18 दिसम्बर को किया जा रहा है। इसमें मुख्य रूप से गणितीय विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणितज्ञों का जमावड़ा होगा। जिसमें प्रो० एस०सी० रस्तोगी नाईजीरिया, प्रो० राकेश कुमार नामीबिया, प्रो० हिंमाशु पाण्डेय, गोरखपुर (इण्डिया) के व्याख्यान होंगे। इस संगोष्ठी के लिए 125 शोद्यार्थी व शिक्षकों ने पंजीकरण किया है। इसके अतिरिक्त 50 से अधिक शोध–पत्र के सारांश प्राप्त हुए है। इसमें 6 टेक्निकल सत्र आयोजित होंगे।

# मंडल के ट्रेन मैनेजरों को रेल कार्य हेतु वितरित किये गए ट्रॉली बैग : रेलवे का आधुनिकीकरण की दिशा में एक और सार्थक प्रयास

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) आधुनिकीकरण एवं नवीनीकरण की दिशा में सतत प्रयत्नशील रेलवे अपने कर्मचारियों हेतु अनेक प्रकार की सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत रहती है ताकि कर्मचारी पूर्ण दक्षता के साथ सुविधाजनक रूप से अपनी उत्तम सेवाएं प्रदान कर सकें एवं इसी क्रम में उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल ने ट्रेन संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले ट्रेन मैनेजरों की सुविधा के लिए आधुनिक तकनीक की शुरुआत के साथ प्रगतिशील परिवर्तन की अपनी यात्रा में एक और कदम आगे बढ़ाया है।इस कड़ी के अंतर्गत आज दिनांक 16 दिसम्बर 22 को मंडल रेल प्रबंधक, श्री सुरेश कुमार सपरा ने लखनऊ स्थित मंडलीय कार्यालय में ट्रेन मैनेजरों को ट्रॉली बैग वितरित किये। ज्ञात हो कि ट्रेन मैनेजर रेलवे का एक महत्वपूर्ण कर्मचारी है जो यात्री और माल–ढुलाई ट्रेनों के प्रभारी के रूप में कार्य करता है। वह ड्यूटी पर रहते हुए अपने साथ महत्वपूर्ण सुरक्षा सामग्री और नियम पुस्तिकाएं रखता है।रेलवे का आधुनिकीकरण एवं कर्मचारियों को एक नया स्वरुप प्रदान करते हुए उनकी कार्यप्रणाली को अधिक सुगम एवं उन्नत बनाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास करते हुए ट्रेनों के संचालन के इस पहलू में परिवर्तन करके अब इस नयी व्यवस्था के तहत किसी भी सुरक्षा आइटम को कम किए बिना 6.2 किलोग्राम वजन वाले हल्के एवं आसानी से चलायमान ट्रॉली बैग को प्रयोग करने की दिशा में मंडल ने एक प्रतिबद्ध कदम बढ़ाया है। लखनऊ मंडल द्वारा इस नयी कार्यप्रणाली का प्रारम्भ करते हुए पहली बार आपूर्ति करने के लिए पहले चरण में कुल 562 ट्रॉली बैग उपलब्ध कराये गए हैं. जिसमें एक एचएस लैंप, 2 लाल और 1 हरा झंडे, एक टेल लैंप, एल.वी. बोर्ड, मैन्युअल, जी. एंड एस.आर.,वर्किंग टाइम टेबल, वॉकी–टॉकी, प्लास्टिक की थैली में प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स, 10 डेटोनेटर, ताला–चाभी, फ्लेशर टॉर्च , सीटी, री–सेटिंग चाभी, एसएलआर के गार्ड के डिब्बे को खोलने और बंद करने के लिए सार्वभौमिक कुंजी, झंडे के लिए दो प्लास्टिक की छड़ें और एक प्लास्टिक फोल्डर, गार्ड सर्टिफिकेट और शिकायत पुस्तिका रखने के लिए प्रदान किया जाता है। इस विषय में मंडल रेल प्रबंधक, सुरेश कुमार सपरा ने अवगत कराया कि ट्रॉली बैग के प्रयोग से ट्रेन मैनेजरों का बोझ कम होगा और उन्हें सुचारू रूप से काम करने में अधिक मदद मिलेगी। ट्रॉली बैग को साथ रखकर आने जाने में आसानी होगी तथा कम वजन होने के कारण इनको आसानी से एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाना सुगम होगा साथ ही इस व्यवस्था द्वारा ट्रेन मैनेजर का बहुत समय बचेगा एवं इस व्यवस्था के सम्पादन में अतिरिक्त कर्मियों की आवश्यकता भी नहीं होगी तथा किसी भी प्रकार की जटिल प्रक्रिया से नहीं गुजारना पड़ेगा। इसके अतिरिक्त ट्रेन मैनेजर के कार्य को आधुनिक स्वरुप प्रदान करते हुए उनके कार्य सम्पादन में सहजता होने के साथ यह बैग उनकी छवि के अनुरूप होगा। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधकों सहित परिचालन एवं अन्य विभागों के विभागाध्यक्ष और परिचालन विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रामपथ सड़क चौड़ीकरण कार्ययोजना से प्रभावित हो रहे व्यापारियों का पूर्व मंत्री तेज नारायण पाडें''पवन''ने लिया हाल चाल

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) शहर में नयाघाट से सहादतगंज तक रामपथ सड़क चौड़ीकरण कार्ययोजना से प्रभावित हो रहे व्यापारियों का हाल चाल लिया पूर्व मंत्री तेज नारायण पाडें''पवन''ने ।आज दोपहर 12 बजे श्री पाडेंय ने हनुमानगढ़ी चौराहे से लेकर नयाघाट तक के दोनो पटरियों के सभी व्यापारी से मिलकर उनके दुख दर्द को सुना और मदद का आश्वासन दिया ।श्री पांडेय ने सरकार से मांग कि अयोध्या रामपथ सड़क चौड़ीकरण योजना मे प्रभावित हो रहे व्यापारियों को उचित मुवाअजा दिया जाय और विस्थापित हो रहे दुकानदारों को तत्काल उनकी रोजी रोटी की व्यवस्था करायी जाय जिससे उनके परिवार का जीवकोपार्जन हो सके। श्री पाडेंय ने कहा कि समाजवादी पार्टी व्यापारियों के साथ है और इनके साथ हो रहे अहित के बारे पूर्व मुख्यमंत्री नेता विरोधीदल अखिलेश यादव को अवगत करायेगे जिससे व्यापारियों के हित के लिए सपा मुखिया इनके आवाज को सदन में रखेगे जिससे व्यापारियों का अहित न हो सके ।इस अवसर पर मुख्य रूप से व्यापारी नेता नन्द कुमार गुप्ता ''नंदू'',शक्ति जायसवाल, विजय यादव,ध्रुव गुप्ता,दुर्गेश वर्मा,विजय साहू,आभास कृष्ण कान्हा, मं० राम दास, शिवबरन यादव'' पप्पू '',महेंद्र शुक्ला पार्षद, शोयब खान,निखिल जायसवाल, शिवम् गुप्ता, राम जी राय आदि लोग शामिल रहे।

# भाजयुमो युवा सम्मेलन में मुख्य अतिथि प्रांशु दत्त द्विवेदी ने किया युवाओं का मार्गदर्शन

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा युवा मोर्चा अध्यक्ष रवि शर्मा के नेतृत्व में आरबीएस लॉन जनौरा बाईपास पर युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया ।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा एवं नगर निकाय चुनाव के सह प्रभारी प्रांशु दत्त द्विवेदी जी ने युवाओं का मार्गदर्शन किया। इस मौके पर उन्होंने आह्वाहन किया कि नगर निकाय चुनाव में हर सीट पर बीजेपी प्रत्यासी को जिताने का कार्य करे। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा अयोध्या महापौर ऋषिकेश उपाध्याय जिला पंचायत प्रतिनिधि रोहित सिंह क्षेत्रीय मंत्री कमलेश श्रीवास्तव प्रदेश महामंत्री युवा मोर्चा हर्षवर्धन सिंह क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मोनू सिंह विशाल सिंह प्रदेश कार्यसमिति अनुराग त्रिपाठी युवा मोर्चा अध्यक्ष रवि शर्मा सुनील मिश्र महामंत्री सार्थक प्रताप तिवारी आकाश सिंह उपाध्यक्ष नितिन पांडे अंकित त्रिपाठी अंकित सोनकर धर्मेंद्र मिश्रा अमन तिवारी शुभेंदु सिंह मीडिया प्रभारी




आशीष श्रीवास्तव शुभम अभिषेक सहित सैकड़ों की संख्या में युवा की उपस्थिति रही।

# राम नगरी को विश्वस्तर का पर्यटन स्थल बनाने की कवायद जोर शोर पर शुरु

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) शहर अयोध्या को विश्वस्तर की पर्यटन नगरी बनाने की कवायद जोर शोर से चल रहा है। इसी क्रम में अब रामनगरी को चारों दिशाओं से जोडने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग की सड़को को 4 व 6 लेन में परिर्वतित करने का काम किया जा रहा है। 22.420 किमी के अयोध्या बाईपास पर काम अप्रैल से शुरू हो जायेगा। इस बाईपास में 3 अण्डर पास, एक रैम्प, सहादतगंज पर 2 लेन फ्लाईओवर, दोनों साइड में 7 मीटर की नई सर्विस लेन बनायी जायेगी। इसके साथ नये नाले का निर्माण कराया जायेगा। 90 एमएम मोटी वाइट टाइपिंग सड़क पर व 100 वाइट टाइपिंग सर्विस लेन पर की जायेगी। इस पर एमटीएस सिस्टम लगाया जायेगा, वहीं सांसद लल्लू सिंह ने बताया कि इस बाईपास की लागत 460 करोड़ आयेगी। उन्होने बताया कि लखनऊ, अयोध्या, गोरखपुर 4 से 6 लेन चौड़ीकरण में डीपीआर बन गया है। मार्च तक टेण्डर प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी जायेगी। इसकी लम्बाई 245 किमी व लागत 4200 करोड़ आयेगी। 6 लेन में 43 फ्लाई ओवर व अण्डरपास बनाये जायेंगे। अयोध्या रिंगरोड का टेंडर जल्द फाइनल कर दिया जायेगा, जिसकी लम्बाई 67.5 किमी व लागत करीब 5 हजार करोड़ आयेगी। जनवरी तक अधिग्रहण व मुआवजा की कार्रवाई कर ली जायेगी। 84 कोसी परिक्रमा मार्ग पर भूमि अधिग्रहण को लेकर मुआवजा की कारवाई की जा रही है, जिसमें करीब 6000 करोड़ का खर्च आयेगाअयोध्या से प्रयागराज तक जोड़ने के लिए प्रतापगढ़ 4 लेन मार्ग का निर्माण किया जायेगा, जिसकी लम्बाई 90 किमी होगी। जिसमें करीब 2250 करोड़ का खर्च आयेगा। इसका डीपीआर मार्च 2023 तक बना लिया जायेगा। अयोध्या से मां विध्यवासिनी धाम मिर्जापुर व बनारस तक 4 लेन से जोड़ा जायेगा। जिसके लिए अकबरपुर से मिर्जापुर लगभग 5 हजार करोड़ की लागत से राष्ट्रीय राजमार्ग 135ए का निर्माण होगा। जिसका डीपीआर बनाया जा रहा है। अयोध्या से जगदीशपुर फोन लेन चौड़ीकरण पर युद्ध स्तर पर काम किया जा रहा है।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।